| | |
|---|---|
| संसेक्स | 80,597.66 |
| निफ्टी | 24,631.30 |
| सोना | 1,01,350 |
| चांदी | 1,16,000 |
| डॉलर | 87.66 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शुक्रवार 15 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण 07 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 321
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

79वां स्वतंत्रता दिवस

## ‘न्याय, स्वतंत्रतता, समता और बंधुत्व संविधान के मूल्य’

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है। हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया। जिससे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली। हमारे लिए हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि है। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-भूमि, विश्व के प्राचीनतम गणराज्यों की धरती रही है। इसे लोकतंत्र की जननी कहना सर्वथा उचित है। हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर, हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है। हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया जिनसे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली। हमारे लिए, हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि हैं।

### विभाजन की विभीषिका को न भूलें

राष्ट्रपति ने कहा- अतीत को देखते हुए, हमें देश के विभाजन से हुई पीड़ा को कदापि नहीं भूलना चाहिए। आज हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विभाजन के कारण भयावह हिंसा देखी गई और लाखों लोगों को विस्थापित होने के लिए मजबूर किया गया। आज हम इतिहास की गलतियों के शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।






## शुभकामनाऐ

बालाघाट एक्सप्रेस के सम्मानीय सुधि पाठकों, विज्ञापन दाताओं, अभिकर्ताओं, संवाददाताओं एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की कोटिश: शुभमंगलकामनाएं।




## किश्तवाड़ में बादल फटा, अब तक 52 लोगों की मौत

किश्तवाड। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 52 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे।




## अवकाश

बालाघाट एक्सप्रेस के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय में १५ अगस्त को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित एवं प्रसारित होगा।

संपादक




### कुछ ना कहना












# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरछठ पर्व

## संतान की दीर्घायु के लिए मांओं ने किया `हरछठ' का पूजन, परिवार की सुख समृद्धि की मांगी गई मन्नतें

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हिंदू धर्मालंबी महिलाओं द्वारा हरछठ का पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। जहां जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए, तो वही माताओ ने संतान की दीर्घायु उज्जवल भविष्य और परिवार की सुख समृद्धि के लिए विशेष पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।जहां माओ ने निर्जल व्रत रख सामूहिक रूप से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए।तो वही सामूहिक पूजा में हिस्सा लेकर विशेष प्रार्थना की गई। जहां नगर में सुबह से देर शाम तक हरछठ पर्व की धूम देखने को मिली।**

### धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप मनाया गया पर्व

हिंदू पंचांग के मुताबिक, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला हरछठ (हलषष्ठी) व्रत गुरुवार को मनाया गया।जहा सौभाग्यवती व्रतधारी माओ ने शनिवार को, विधिविधान से विशेष पूजन अर्चन कर संतान की दीर्घायु के लिए प्राथनाएं की।बताया जा रहा है कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलरामजी के जन्मोत्सव रूप में भी मनाया गया। हरछठ के दिन महिलाएं अपनी संतान की दीर्घायु और उसके स्वस्थ्य जीवन की कामना के लिए व्रत रखकर पूजन आदि करती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान



हलधर यानी कि बलराम जी उनके पुत्रों को लंबी आयु प्रदान करते हैं। वहीं संतान प्राप्ति की भी कामना पूरी करते हैं। इस दिन अपनी संतान की लंबी उम्र की कामना के साथ माताएं पूरे मन से पूजन करती हैं। बालाघाट में यह पर्व बड़ी ही आस्था, विश्वास और श्रद्धा के साथ व्रतधारी महिलाओं के घर में मनाया गया।व्रतधारी माताओं द्वारा घर में पूजन कर अन्य महिलाओं को पूजा के लिए आमंत्रित किया और सामूहिक रूप से पूजन उपरांत उन्हें बांस से बनी टोकरी में लाई, महुआ, चने और पूजन में चढ़े फलों का प्रसाद वितरित किया। वही अन्य सुहाग की सामग्रियों का आपसी में आदान प्रदान किया गया।इस दौरान भजन कीर्तन सहित अन्य आयोजन भी सम्पन्न कराए गए।

### संतान की दीर्घायु और उज्जवल भविष्य के लिए की गई प्राथनाएं-व्रतधारी महिलाए

पर्व विशेष को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान व्रतधारी महिलाओ ने बताया कि भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को पुत्र की दीर्घायु और उज्जवल भविष्य के साथ ही माताएं यह पूजन करती हैं। यह व्रत पुत्र प्राप्ति के लिए भी किया जाता है। इस पूजन में व्रतधारी महिलाएं बिना जोते परसोड़ के चावल और भैंस के दूध या दही का ही सेवन करती है।संतान की दीर्घायु और उज्जवल भविष्य के लिए प्राथनाएं की जाती है।

# भवन निर्माण ठेकेदारों ने निकाली तिरंगा रैली

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। भवन निर्माण ठेकेदार संघ द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त गुरुवार को शहर में तिरंगा बाईक रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्ग आम्बेडकर चौक, कालीपुतली चौक, जयस्तंभ चौक, हनुमान चौक, मोतीनगर चौक सहित प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये ठेकेदार संघ कार्यालय में पहुंचकर संपन्न हुई। इस



दौरान ठेकेदार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आजादी के इस पर्व को धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाने आज भवन निर्माण ठेकेदारों द्वारा शहर में तिरंगा रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि देश व राष्ट्र के प्रति देश प्रेम की भावना मजदूर साथियों में जगाने तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के भवन निर्माण ठेकेदार मौजूद रहे।

Run By - Gyan Vikas Samiti

KESHAV ENGLISH HR. SEC. SCHOOL

WARASEONI

WISHES YOU

HAPPY INDEPENDENCE DAY

Mr. Pradeep Tiwari
President
Gyan Vikas
Samiti Waraseoni

Mr. Vijay Telaskar
Secretary
Gyan Vikas
Samiti Waraseoni

Mr. Pradeep Sharma
Principal
Keshav English School
Ward No. 14 Gangotri Colony
Waraseoni, 7247484411

# बेलगाम कार मोटरसाइकिल को ठोस मारकर हुई फरार

## कार की ठोकर से घायल युवक जिला अस्पताल में भर्ती मलाजखंड थाने के ग्राम पौनी के पास हुई दुर्घटना

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। मलाजखंड थाना अंतर्गत ग्राम मोहगांव रोड पर स्थित ग्राम पौनी के पास तेज रफ्तार कार मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई कार की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक अक्षय पिता जीवन सिंह टेकाम



22 वर्ष ग्राम भीमलाट थाना मलाजखंड निवासी है जिसे बिरसा के अस्पताल से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्षय टेकाम बैहर कॉलेज में बी ए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। जिसके माता-पिता खेती किसानी करते हैं। अक्षय टेकाम के परिवार में माता-पिता के अलावा वे भाई दो बहने हैं। बताया गया है कि 13 अगस्त को दोपहर में अक्षय टेकाम मलाजखंड माइंस में कोई पेपर देने के लिए गया था और रात्रि 11:00 बजे करीब अक्षय टेकाम मोटरसाइकिल में मलाजखंड से अपने घर भीमलाट लौट रहा था। तभी मलाजखंड से मोहगांव रोड पर स्थित ग्राम पौनी के पास बैहर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही कार मोटरसाइकिल को ठोस मार कर फरार हो गई। कार की जबरदस्त ठोकर से अक्षय टेकाम मोटरसाइकिल सहित फेंका गया ।जिसका दाहिना पैर हाथ सहित अन्य जगह चोंटे आई स्थानीय लोगों ने अक्षय टेकाम को बिरसा के अस्पताल में भर्ती किये। रात्रि में परिजनों के आने के बाद अक्षयटेकाम को बिरसा के शासकीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

# एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपी को मरते दम तक कारावास

## विशेष न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम की अदालत का फैसला, चांगोटोला थाने के ग्राम मऊ के रहने वाले हैं दोनों आरोपी प्रेम और राही

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपी को मरते दम तक कारावास की सजा सुनाई गई। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश गौतम सिह मरकाम की अदालत ने दोनों आरोपी प्रेम पिता लेखराम ब्रम्हे में 23 वर्ष और राही पिता तिलक राज ब्रम्हे 22 वर्ष दोनो ग्राम मऊ थाना चांगोटोला निवासी को शेष प्राकृत जीवन काल के लिए कारावास के अलावा अलावा अन्य धारों के तहत कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किये है। इस मामले में सहायक संचालक जिला लोक अभियान अधिकारी कपिल डहेरिया के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक श्रीमती आरती कपले द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार यह 14 वर्ष की नाबालिक लड़की कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रही थी। आरोपी प्रेम ब्रम्हे को वह बचपन से पहचानती थी। तथा प्रेम के दोस्त राही को भी वह बचपन से पहचानती थी।। 10 नवंबर 2022 को सुबह 8:30 बजे जब यह नाबालिक लड़की अपने घर से कोचिंग जा रही थी। तभी मोटरसाइकिल से प्रेम और उसका दोस्त राही मोटरसाइकिल में आए और इस लड़की का रास्ता रोककर उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल में बैठा कर कुमझर का जंगल ले गए और प्रेम ने इस लड़की के मना करने के बाद ही उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी प्रेम का दोस्त राही घटना के समय वही पर खड़ा था जो प्रेम का ही साथ दे रहा था। उसने प्रेम को नहीं रोक और लड़की को भी नहीं बचाया और इस तरह प्रेम और राही ने सुबह 8:30 से शाम 4:00 बजे तक कुमझर के जंगल में इस लड़की की इच्छा के विरुद्ध उसे रोक कर रखे। और दोनों ने इस लड़की को निकलने नहीं



दिए। शाम 4:00 बजे के बाद प्रेम और राही ने मोटरसाइकिल से इस लड़की को गांव में छोड़ दिए। इसके बाद यह लड़की पैदल अपने घर पहुंची और घटना के संबंध में बताई। जिसकी शिकायत पर प्रेम और राही के विरुद्ध धारा 341,342,363,366ए, 376, 506,34 भारतीय दंड विधान और धारा 3(1)(डब्ल्यू),3(2)(वी) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम एवं धारा 3,4(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया और इस अपराध में दोनों आरोपी प्रेम और राही को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना अनुसंधान उपरांत बालाघाट की विशेष अदालत में आरोप पत्र पेश किए गए थे। यह मामला हाल ही में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश गौतम सिह मरकाम की अदालत में चला। विद्वान अदालत में चलते इस मामले में अभियोजन पक्ष दोनों आरोपी प्रेम और राही के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत में अपने विवेचन निष्कर्ष और उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दोनों आरोपी प्रेम और राही को इस दुष्कर्म के मामले में शेष प्राकृत जीवन काल के लिए कारावास की सजा सुनाई दो आरोपी मरते दम तक जेल में रहेंगे। इसके अलावा इन दोनों आरोपियों को अन्य धारों के तहत 7 वर्ष की कठोर कारावास के अलावा अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

स्थान परिवर्तन

मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा

संपर्क नं- 9425138797

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# विवेक ज्योति स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी कार्यक्रम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शहर के सुरभि नगर स्थित विवेक ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में जन्माष्टमी का कार्यक्रम गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ भाग लिया।आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राइमरी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई कृष्णजी के जन्म से लेकर उनके बाल लीलाओं तक की झांकियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं।जिन्होंने राधा कृष्ण का परिधान धारण कर मनमोहक प्रस्तुतिया दी।जिनके अभिनय व नृत्य ने हर किसी का मन मोह लिया और स्कूली बच्चों ने जमकर तालियां बटोरी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सरहाना की तो वही कार्यक्रम के अंत में बच्चों के विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।


















# सामूहिक अवकाश पर गए जिले भर के अभियंता

### मनरेगा अभियंता संघ के बैनर तले सौपा ज्ञापन, 8 सूत्रीय मांगों को पूरी करने की लगाई गुहार, प्रदेश सरकार पर लगाया शोषण का आरोप

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगे पूरी न होने से नाराज मनरेगा अभियंताओ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सामूहिक रूप से कार्य बंद कर दिया है।जो गुरुवार से मनरेगा के तहत चलने वाले कार्यो को बंद कर सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं।जिन्होंने वर्षों से लंबित अपनी 08 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए,उनकी सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई है। गुरुवार की दोपहर कलेक्टर में सौंप गए इस ज्ञापन में उन्होंने मप्र शासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बताया कि वे अपनी इन मांगों को पूरा करने के लिए कई बार आवेदन निवेदन ज्ञापन सौंप चुके हैं। बावजूद इसके भी शासन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिसके चलते केवल बालाघाट जिला ही नहीं बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में अभियंताओं द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर मनरेगा का कार्य बंद कर दिया गया है।जिसके चलते प्रदेश भर में मनरेगा के तहत होने वाले विभिन्न कार्य प्रभावित हो गए हैं।जिन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उनकी समस्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई है।इस दौरान मनरेगा अभियंता संघ मप्र क्षेत्रीय समन्वय इंजीनियर गजेंद्र कुमार कठाने,इंजी शेख सिद्दीक कुरैशी, इंजी सुमित प्रताप सिंह, इंजी अमित पांडे, इंजी विनय जायसवाल, इंजी कुंदन मुकाती, और इंजी आरडी किरार सहित जिले के सभी ब्लॉकों से आए संघ के पदाधिकारी, सदस्य व अन्य इंजीनियर प्रमुख रूप की उपस्थित रहे।



### इन मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

सौपे गए ज्ञापन के दौरान संगठन द्वारा संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक की सेवा अवधी से करने, समकक्ष सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य करने, वार्षिक वेतन वृद्धि दिए जाने के आदेश तत्काल जारी करने,मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितो को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के आदेश तत्काल जारी करने,मनरेगा उपयंत्रियों को किसी भी प्रकरण में पद से पृथक ना करते हुए निलंबित किए जाने,जिला या प्रदेश स्तर पर आर.ई.एस. एवं मनरेगा के उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची अनुसार सहायक यंत्री के प्रभार दिए जाने, नियमित कर्मचारियों की भांति मनरेगा उपयंत्री हेतु उपादन ( ग्रेजुएटी) भुगतान के आदेश तत्काल जारी करने, 1 अगस्त 2023 के बाद मृत या सेवानिवृत हुए उपयंत्रियों को भी इसका लाभ देने, संविदा सेवा का नवीनीकरण 01 वर्ष नहीं 05 वर्ष की सी. आर. के आधार पर करने,ताकि वित्तीय वर्ष के आखिरी में उपयंत्रियों का शोषण ना हो, मनरेगा उपयंत्रियों से केवल और केवल तकनिकी कार्य ही कराये जाने,और मनरेगा के उपयंत्रियों को माह की प्रथम तारीख को वेतन देना सुनिश्चित करने,सहित वर्षों से लंबित अन्य मांगों को पूरे किए जाने की गुहार लगाई है।

### शासन के सभी कार्य होंगे प्रभावित- कठाने

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान मनरेगा अभियंता क्षेत्रीय समन्वयक इंजीनियर गजेंद्र कुमार कठाने ने बताया कि मनरेगा उपयंत्री विगत कई वर्षो से विभिन्न संघठनो के बैनर में अपनी मांगो को लेकर शासन को अवगत कराते आ रहे है।लेकिन हमारी मांगो की पूर्ति न होकर मनरेगा उपयंत्री निरंतर शोषण का शिकार होता जा रहा है। जिसके चलते केवल बालाघाट जिला ही नहीं बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में अभियंताओं द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर कार्य बंद कर दिया गया है।जिसके चलते शासन के मनरेगा संबंधित समस्त कार्य पूर्ण रूप से बंद हो गए हैं।पिछली बार जल जंगल जमीन जैसी योजना के लिए प्रदेश, पूरे देश में प्रथम आया था अभियंताओं के हड़ताल पर चले जाने से शासन के सभी कार्य रुक जाएंगे और इससे मनरेगा के सभी कार्यों में प्रभाव पड़ेगा।




स्वतंत्रता दिवस अमर रहे
नगर परिषद् बैहर जिला-बालाघाट (म.प्र.) द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं क्षेत्र के नागरिकों से अपिल है कि -
1. नगर परिषद् के करों का भुगतान समय पर कर विकास कार्य में अपना सहयोग दें।
2. सभी आम नागरिक समग्र पोर्टल पर अपना अपने परिवार का आधार ईकेवाईसी अवश्य कराये।
3. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजियन समय सीमा पर करावें।
4. वैवाहिक पंजियन समय पर करावे।
5. जल ही जीवन है अतः पेयजल का दुरूपयो न होने दे।
6. अपने घर का कचरा निकाय के कचरा वाहन में सूखा-गीला अलग अलग देवें।
7. किसी भी शासकिय योजना का लाभ लेने से पहले आवश्यक दस्तावेज समग्र आईडी एवं बैक खाता की ईकेवाईसी तथा डीबीटी अवश्य करायें।
8. पॉलिथिन का उपयोग न करें।
9. स्वच्छता बनाये रखें।
10. सार्वजनिक सड़क,गली, एवं चौराहे पर अतिक्रमण न करें।
11. वृक्षारोपण अवश्य करें।
श्रीमति यशवंती गुड्डा मरकाम, अध्यक्ष, नगर परिषद् बैहर
सुनिल कुमार धार्वे, उपाध्यक्ष, नगर परिषद् बैहर
दिलीप कुमार बाडेबुचे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् बैहर
एवं समस्त पार्षदगण/अधिकारी/कर्मचारी, नगर परिषद् बैहर

# कांग्रेस का वोट चोर- गद्दी छोड़ कार्यक्रम संपन्न

### वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के मामले को लेकर निकाला कैडल लाईट मार्च जनसभा का आयोजन कर,भाजपा और चुनाव आयोग पर साधा निशान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग मिलकर वोट की चोरी कर रहे हैं। जो जनता के अधिकार छीनकर अपनी सरकार बना रहे हैं।ऐसा आरोप लगाते हुए गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजित इस कार्यक्रम के तहत 14 अगस्त गुरुवार की शाम नगर के हनुमान चौक स्थित जिला कांग्रेस कमेटी




कार्यालय से नगर में एक कैंडल लाइट मार्च निकाला गया।इस कैंडल लाइट मार्च के दौरान कांग्रेस पार्टी से जुड़े, विधायकों पदाधिकारी सदस्यो ने पैदल मार्च निकालकर वोट चोर गद्दी छोड़ के जमकर नारे लगाए।यह रैली जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से नगर के विभिन्न चौक चौराहो का भ्रमण करते हुए सीधे काली पुतली चौक पहुंची। जहां जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय उईके, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, परसवाड़ा विधायक मधु भगत सहित कांग्रेस पार्टी से जुड़े अन्य पदाधिकारी सदस्यों ने जनसभा को संबोधित करते हुए इस मुद्दे पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।जिन्होंने उक्त मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त करते हुए चुनाव में भाजपा सरकार पर वोट की चोरी करने का आरोप लगाया। तो वहीं उन्होंने वोट चोरी करने के इस काम मे निर्वाचन आयोग पर भाजपा का साथ दिए जाने का आरोप भी लगाया है।इस दौरान उन्होंने वोट वेरिफिकेशन के नाम पर चल रही धांधली, जनता का नाम वोटर लिस्ट से काटने, फर्जी वोटर को जोड़कर अपने पक्ष में वोट डलवाने और वोट चोरी कर भाजपा द्वारा सरकार बनाने की बात कही तो वही उन्होंने ऐसा कृत्य करने वालों को जनता द्वारा सबक सिखाए जाने की बात कही है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस अभियान से जुड़ने का भी आह्वान किया है।इस दौरान कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष संजय उइके, कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष ,,कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी, सदस्य कार्यकर्ता, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, समस्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारी , वींग प्रकोष्ठ अध्यक्ष , समस्त पाषर्द साथी, पंच ,सरपंच, जनपद सदस्य,जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में एक आरोपी को आजीवन कारावास

### मूलचंद ने जादू टोना के शक में की थी अपने गांव के हीरासिंह की हत्या
### विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत का फैसला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की विद्वान अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी मूलचंद पिता प्रताप सिंह पन्द्रे 27 वर्ष को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विद्वान न्यायाधीश ने ग्राम करियादण्ड निवासी इस आरोपी को आजीवन कारावास के अलावा एक हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किये है। इस आरोपी के विरुद्ध अपने गांव के हीरासिह उइके की जादू टोने के शक में हत्या करने का आरोप था। अभियोजन के अनुसार यह घटना 19 नवंबर 2024 को हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम करियादण्ड में हुई थी। मूलचंद पन्द्रे और हीरा सिंह उइके एक ही गांव के रहने वाले हैं। हीरा सिंह उइके पर गांव मोहल्ले के लोग जादू टोना करने का शक करते थे।मोहल्ले में किसी बच्चे की मौत होने पर या बच्चों के बीमार होने या फिर किसी की शादी टूट जाने पर गांव के लोग हीरा सिंह उइके पर ही जादू टोना करने का शक किया करते थे। मूलचंद नागपुर में मजदूरी करता था। मूलचंद के बेटे की तबीयत खराब रहती थी। मूलचंद पन्द्रे भी हीरासिंह द्वारा बेटे पर जादू टोना करने का शक करता था। 19 नवंबर को मूलचंद पन्द्रे, हीरा सिंह उइके की हत्या करने का प्लान बनाकर नागपुर से अपने घर आया था। इसी दिन सुबह 10:00 बजे हीरा सिंह उइके अपनी पत्नी और बेटी के साथ घर में था। जिसका बेटा नेतलाल उइके गाँव ही इट भट्टा में काम करने चला गया था। 1:30 बजे करीब जब हीरा सिंह उइके अपने घर के सामने बैठा था। इस समय मूलचंद पन्द्रे कुल्हाड़ी लेकर आया और घर के सामने बैठे हीरासिंह उइके की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। आवाज होने पर हीरा सिंह की बेटी रेवंती और पत्नी आए देखें मूलचंद कुल्हाड़ी हाथ में लेकर खड़ा था। जिन्हें देखकर वह चला गया। खबर मिलते ही हीरा सिंह उइके का बेटा नेतलाल उइके पहुंचा और हट्टा थाना में रिपोर्ट की थी। थाना प्रभारी भूपेंद्र पन्द्रों ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम करियादण्ड पहुंचकर हीरासिंह उइके का शव बरामद किये और पोस्टमार्टम करवाने के बाद हीरासिंह उइके की हत्या करने के आरोप में मूलचंद पन्द्रे के विरुद्ध धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। हीरा सिंह उइके की हत्या करके मूलचंद पन्द्रे फरार हो गया था। जिसे इसी ग्राम के खेत से गिरफ्तार कर विद्वान अदालत में पेश कर दिए थे। थाना प्रभारी भूपेंद्र पन्द्रों द्वारा विवेचना अनुसंधान उपरांत विद्वान अदालत में अभियोग पत्र पेश किया गया था। हाल ही में यह मामला विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत में चला। जहां अभियोजन पक्ष आरोपी मूलचंद पन्द्रे के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा।जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए। मूलचंद पन्द्रे को हीरा सिंह उइके की हत्या करने कीआरोप में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध केआरोप में आजीवन कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक मदन मोहन द्विवेदी द्वारा की गई थी।



स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी की समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




श्रीमती रूपेश्वरी पटले सरपंच, देवकीप्रसाद बिसेन उपसरपंच, कृष्ण कुमार रनगिरे सचिव, मूलचंद गौतम ग्राम रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भमोड़ी, जनपद पंचायत बालाघाट















# विधायक अनुभा मुंजारे ने बघोली हायर सेकेण्डरी स्कूल का किया निरीक्षण

## अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला की स्वीकृति मिलने पर स्कूल प्रशासन एवं सरपंच ने विधायक का जताया आभार





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली स्थित शासकीय उमावि. का गुरूवार को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती मुंजारे ने स्कूल में संचालित हो रही गतिविधियां, बच्चों की पढ़ाई, भवन के अभाव में किस तरह से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अध्ययपन कार्य करवाने में परेशानी होती है उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही कक्षा में पहुंचकर कक्ष के अभाव में बच्चें किस तरह से अध्ययपन कार्य करते है उसका अवलोकन किया। जिसमें उन्होने पाया कि दो कक्षाएं बरामदे में संचालित हो रही थी। जिस पर उन्होने कहा कि स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला के लिए 77.25 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है और जल्द ही भवन का निर्माण किया जायेगा जिससे वर्तमान में विद्यार्थियों को भवन के अभाव में बैठने एवं पढ़ाई करने में हो रही परेशानियों से निजात मिल जायेगी। वहीं अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला हेतु राशि स्वीकृत होने की जानकारी मिलने पर छात्र-छात्राओं ने विधायक का ताली बजाकर स्वागत किया और कहा कि जल्द अतिरिक्त कक्ष का निर्माण करवाने एवं आगामी समय में नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन की स्वीकृति दिलवाने की मांग की है। वहीं बघोली हायर सेकेण्डरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला के लिए 77.25 लाख रूपये की स्वीकृति मिलने पर स्कूल प्रशासन, बघोली सरपंच अरशद पापा पटेल एवं ग्रामीणजनों ने विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे का आभार व्यक्त करते हुए इसी तरह ग्राम विकास में सहयोग करने की मांग की है। वहीं अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला का निर्माण हो जाने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को अध्ययपन कार्य करवाने में सुविधा होगी। वहीं विधायक श्रीमती मुंजारे ने कहा कि लंबे समय से ग्रामीणजन एवं स्कूल प्रशासन के द्वारा नवीन भवन निर्माण की मांग कर रहे थे। जिनकी मांगों को हमारे द्वारा सरकार के समक्ष रखा गया और शिक्षा मंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह जी के द्वारा अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला के लिए 77.25 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके लिए उनका हम आभार व्यक्त करते है और जल्द ही शिक्षा मंत्री के हस्ते भूमिपूजन करवाने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, बघोली के उपसरपंच श्री साहू, स्कूल के प्राचार्य एससी मरावी सहित ग्रामीणजन, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विधायक के प्रयास से अतिरिक्त कक्ष की मिली है स्वीकृति - अरशद

बघोली सरपंच अरशद पापा पटेल ने बताया कि बघोली स्थित हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन हुए 12 वर्ष हो चुके है, किन्तु नवीन भवन नही बनने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी होती थी। इस समस्या से पूर्व में पूर्व केबिनेट मंत्री श्री बिसेन, को अवगत करवाया गया था, जिन्होने भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपये की स्वीकृति की घोषणा भी कर दिये थे लेकिन भवन नही बना। । श्री पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मुंजारे को भवन नही होने से ब'चों को पढ़ाई करने में हो रही परेशानियों से अवगत करवाया गया था, जिनके प्रयासों से अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाल निर्माण की स्वीकृति मिली है। अतिरिक्त कक्ष व प्रयोगशाला का निर्माण होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में हो रही परेशानियों से निजात मिल जायेगी।

### अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला बनने से स्कूल की समस्या हो जायेगी दुर - अनुभा

विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि बघोली के हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन वर्ष 2013 में हुआ है लेकिन नवीन भवन नही बनने के कारण हाई स्कूल के भवन में ही स्कूल संचालित हो रही थी और भवन के अभाव में ब'चों को पढ़ाई करने में परेशानी हो रही थी। इस समस्या को सरपंच महोदय, स्कूल प्रबंधन एवं ग्रामीणों के द्वारा हमें अवगत करवाया गया था। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि बघोली स्कूल की समस्या को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह जी से चर्चा की गई। जिसके बाद प्रभारी मंत्री ने अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला के लिए 77.25 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हुं और जल्द ही अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जायेगा। साथ ही अतिरिक्त कक्ष बनने से वर्तमान की समस्या दुर हो जायेगी और नवीन भवन निर्माण के लिए प्रयास किया जायेगा।

# महाविद्यालय में भगवान बलराम जयंती कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 14 अगस्त को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत ''भगवान बलराम जयंती'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती एवं भगवान बलराम के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। वहीं भगवान बलराम की जयंती के अवसर पर भगवान बलराम जी के जीवन गाथा पर डाक्यूमेंटरी भी दिखाई गई। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत ने विद्यार्थियों को भगवान बलराम जी के अवतार और जन्म, बाल्यकाल की लीलाएं, शिक्षा और नीति, महाभारत में भूमिका, धर्म मर्यादा, तटस्थता का प्रतीक आदि के बारे में बताया। रेड रिबन प्रभारी नरेश सौलखे ने कहा कि भगवान बलराम जी के चरित्र से हमें धैर्य, पराक्रम, त्याग, वीरता, नीति परायण और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया और आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुमन बरवा, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, श्रीमती संध्या परते, डॉ. ऋषिकेष पटेल, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. आशा कारे, डॉ. माधुरी पुसे, श्रीमती आरती विश्वकर्मा, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमति वंदना कुर्वे, प्रषिक हुमनेकर, निशांत तलवरे, कु. सोनम हरिनखेड़े सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पांढरवानी-लालबर्रा पंचायत में अनीस खान करेंगे ध्वजारोहण



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं निरंतर विकासशील ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा के पंचायत भवन में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रात: 7.30 बजे सरपंच अनीस खान के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का पूजन अर्चन कर ध्वजारोहण किया जायेगा। जिसके पश्चात ध्वज को सलामी देकर उपस्थितजनों के द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। जिसके बाद चांदनी चौक में प्रात: 7.45 बजे उपसरपंच राकेश अग्रवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर नगरवासी व ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील सरपंच अनीस खान, उपसरपंच राकेश अग्रवाल, सचिव रणविजय सिंह, सहायक सचिव कृष्णा पंचेश्वर, पंचायत समन्वयक संदेश पारधी, पंच मो. आबिद कुरैशी, सावनलाल बाहेश्वर, आम्रपाली रंगारे, विनोद पंचेश्वर, हेमलता मात्ते, कृष्णकुमार यादव, मिथलेश बोरकर, रितेश्वरी भोंगाड़े, सरिता नागेश्वर, सविता साहू, सुधीर जैन, मुकेश पटले, अप्पू भूपेन्द्र कुमरे, शीला धुर्वे, काफिया रंगरेज, अमरीन खान, साकिर खान, गीता घाटे, तसमीन फिरदौस सहित अन्य कर्मचारियों ने की है।

# जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष करेंगी ध्वजारोहण



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदरसिंह मंडलोई ने बताया कि यह कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी, जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के प्रमुख आतिथ्य एवं समस्त जनपद सदस्यों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ होगा। आगे बताया कि जनपद पंचायत कार्यालय में प्रात: 7.30 बजे जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन के बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। जिसके बाद प्रात: 8.45 बजे गांधी चौक बस स्टैण्ड लालबर्रा में जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र किशोर पालीवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा तत्पश्चात राष्ट्रगान, महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा।

# खमरिया मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा बाईक रैली



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत खमरिया से खमरिया भाजपा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा बाईक रैली भाजपा मंडल खमरिया के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति नारे लगाते हुए क्षेत्रीयजनों को हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। चर्चा में भाजपा मंडल खमरिया पूर्व अध्यक्ष कन्हैया चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रेरणा से प्रारंभ हुआ घर-घर तिरंगा नारा तीन वर्षों में राष्ट्रभक्ति का महाभियान बन चुका है और हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को खमरिया भाजपा मंडल से तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकाली गई। यह रैली विभिन्न ग्रामों का भ्रमण करते हुए लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की है ताकि लोग देशभक्ति के प्रति जाग्रत हो सके। इस अवसर पर म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया चौहान सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पुत्र की दीर्घायु के लिये माताओं ने रखा हरछठ माता का व्रत





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को पुत्र की दीर्घायु व संतान प्राप्ति के लिये 14 अगस्त को नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हरछठ व्रत रखा गया। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर मुख्यालय स्थित स्व. श्याम अवधवाल एवं मुकेश सेन के निवास में 14 अगस्त को महिलाओं के द्वारा एकत्रित होकर हरछठ माता की विधि-विधान से पूजा अर्चन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सुबह से पुत्र की दीर्घायु के लिए हरछठ माता की व्रत रखी एवं विधि-विधान से हरछठ माता की पूजा अर्चना कर पुत्र की दीर्घायु, स्वास्थ्य व भविष्य की उज्जवल कामना की। चर्चा में व्रतधारी महिलाओं ने बताया कि इस दिन महिलाएं प्रात: काल स्नान आदि करने के बाद अपने पुत्रों की दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला व्रत रहती है। इस दौरान उनके द्वारा भैंस के गोबर से लीपकर चौक बनाने के उपरांत मिट्टी की सहायता से हरछठ को गाड़ा जाता है। जिसे हल्दी से पीला किया गया, कपड़ा चढ़ाया जाता है एवं गुल्ली के तेल से दीपक प्र%जवलित किया जाता है। इस पूजा में भैंस का गोबर, दूध, दही सहित सात प्रकार का भुना हुआ अनाज गेहूं, चना, मटर, मक्का, 'वार, बाजरा, अरहर आदि चढाया जाता है इसके बाद हलषष्ठी माता की कथा सुनाई जाती है। साथ ही यह भी बताया कि हरछठ माता की पूजा अर्चना कर पुत्र की दीर्घायु की कामना कर उनके स्वास्थ्य व भविष्य की उ'जवल कामना की गई एवं इस व्रत में बिना हल चले हुए अनाज का उपयोग किया जाता है और व्रत करने वाली महिलाएं पसाई के चांवल का सेवन करती है। यह व्रत महिलाएं पुत्र की दीर्घायु व संतान प्राप्ति के लिए करती है।

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस आज

## जगह जगह ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को दी जाएगी सलामी, पुलिस लाईन में मुख्य समारोह का होंगा आयोजन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलो व ग्रामीण अंचलों मे शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पूर्ण उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।जिसके तहत जगह-जगह दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएगे।प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह नगर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया है।जहां प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी जाएगी। वहीं पूर्व से निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस मुख्य समारोह की शुरुआत अतिथियों के आगमन के साथ की जाएगी।जहां ध्वाजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा.जिसके तुरंत बाद मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।वही ग्राउंड के चारो ओर से अमन के संदेश के साथ हवा मे गुब्बारे छोड़े जाएगे। जिसके उपरांत विभिन्न पुलिस प्लाटून, एनसीसी, एनएसएस, स्कूली बच्चों द्वारा शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति देकर सलामी पेश की जाएगी।, वही सहर्ष हवाई फायरिंग, के बाद संस्कृति कार्यक्रम सम्पन्न कराकर, अंत में पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।जिसमें विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के साथ साथ, शासकीय भवनों की साज सज्जा और मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।इसके अलावा नगर व जिले भर में जगह जगह ध्वजारोहण कर राष्ट्गान कर देश की शान में नारे लगाए जाएंगे तो वही जगह जगह देश की आजादी का जश्न मनाया जाएगा।

# भगवान कृष्ण की प्रतिमा को मूर्तिकार दे रहे अंतिम रूप

## बारिश से मूर्ति सुखाने में हो रही समस्या



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित क्षेत्र के मूर्तिकारों के द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा तैयार करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें बारिश होने से समस्या बनी हुई है जो मूर्तियों को सूखने का समय नहीं दे पा रही है। जिसके कारण पुन: अधिक मेहनत कर लाइट या लैंप के माध्यम से मूर्तियों को सुखाना पड़ रहा है। पूरे क्षेत्र में १६ अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाना है जिसके लिए लोग अब तैयारी में लग गए हैं। ऐसे में मूर्तिकार की अपने कार्य को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान बताया जा रहा है कि पिछली मर्तबा से इस बार महंगाई थोड़ी बड़ी है जिसका सीधा असर मूर्तियों पर पड़ा है। जो पिछली बार से ५० से १०० रुपये अधिक में मिलेगी वहीं मूर्ति निर्माण की लागत भी बारिश के कारण बढ़ गई है। इस प्रकार विभिन्न वस्तुओं का मिला जुला असर महंगाई के रूप में देखने मिलेगा। इसमें मूर्ति का पूरे परिवार के साथ भगवान कृष्ण की मूर्ति निर्माण कार्य में जुट गए हैं ताकि समय से पहले कार्य पूर्ण कर सके। कृष्ण जन्माष्टमी पर लोगों के द्वारा अपने घरों में भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर आराधना की जाती रही है यह आदिकाल से चला रहा है। वर्तमान में देखने में आ रहा है कि लोगों की रुचि अब भगवान कृष्ण की बड़ी प्रतिमाओं की ओर बढ़ती जा रही है। जिसके कारण बड़ी प्रतिमा बनाने का एक चलन चलने लगा है। जहां पहले एक से दो प्रतिमा का निर्माण किया जाता था उसकी स्थापना सार्वजनिक स्वरूप से की जाती थी। इस बार आधा दर्जन से अधिक बड़ी प्रतिमा मूर्तिकारों के द्वारा निर्माण की गई है जिनकी सार्वजनिक रूप से स्थापना कर कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जायेगा। भगवान कृष्ण की प्रतिमाओं में अब धीरे.धीरे विभिन्न मुद्राओं की प्रतिमा देखने में आई जा रही है। पहले मूर्तिकारों के द्वारा सामान्य प्रतिमा का निर्माण किया जाता था परंतु लगातार बदलते दौर में विभिन्न मुद्राओं की प्रतिमा का निर्माण कर का काफी आकर्षक रूप दिया जा रहा है। तो वहीं लोगों के द्वारा विभिन्न मुद्राओं की तस्वीर ले जाकर मूर्ति निर्माण का आर्डर दिया जा रहा है। उसका भी निर्माण मूर्तिकार कर रहे हैं परंतु इसमें हर बार की तरह लागत बढ़ती नजर आ रही है। मूर्तिकार सुरेश प्रजापति ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आने वाला है जिसके लिए भगवान कृष्ण की प्रतिमाओं को तैयार करने का कार्य चल रहा है। इस दौरान बारिश एक समस्या बनी हुई है मूर्तियां सूखाने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे में हमारी लागत बढ़ रही है। क्योंकि हमारे द्वारा जो रंग खरीदा जाता है वह नागपुर से लाया जाता है जो इस बार महंगा हुआ है महंगाई इस बार फिर बड़ी है प्रतिमा की लागत भी बढ़ रही है। भगवान कृष्ण की बड़ी प्रतिमा का भी निर्माण किया गया है इस बार बड़ी प्रतिमा के आर्डर बढ़ गए हैं। यदि मौसम साफ रहता है तो निश्चित है कि कृष्ण जन्माष्टमी की दोपहर तक सभी प्रतिमा तैयार कर ली जायेगी। इस दौरान लोग फोटो लेकर आ रहे हैं और उसी के आधार पर प्रतिमा भी तैयार की गई है वहीं अपने स्तर पर भी प्रतिमा तैयार की गई है।

# ७९वां स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ आज

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी परंपरागत रूप से स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके के हस्ते ध्वजारोहण कर परेड़ की सलामी ली जावेगी। जिसमें अतिथियों के आगमन के बाद ९ बजे ध्वजारोहणकर सामूहिक राष्ट्रगान किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती माया उइके परेड़ की सलामी लेकर मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करेगी। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के उपरांत पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। जिसमें नगर सहित क्षेत्र के लोगों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने की अपील एसडीएम वारासिवनी ने की है।

**नपाअध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा ध्वजारोहण**-नगर पालिका परिषद वारासिवनी में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के हस्ते ध्वजारोहण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह ७.३० बजे ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया जाएगा। इस अवसर पर नगर वासियों से कार्यक्रम के साक्षी बनने की अपील मुख्य नगर पालिका अधिकारी वारासिवनी ने की है।

**भाजपा कार्यालय में लहरायेगा तिरंगा**-भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आन बान शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरायेगा। जहां पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल की उपस्थिति में मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री निरंजन बिसेन के हस्ते ध्वजारोहण किया जायेगा। यह कार्यक्रम सुबह ८.३० बजे ससम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र के लोगों से उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व मनाने की अपील मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वेदप्रकाश पटेल ,मिलिंद नगपुरे ने की है।

**दीनदयाल चौक में प्रदीप शरणागत करेंगे ध्वजारोहण**-नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसमें प्रातः ८ बजे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति में मुख्य अतिथि प्रदीप शरणागत पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के हस्ते राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसमें भाजपा पदाधिकारी सदस्य सहित गणमान्य नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर आजादी का पर्व मनाने की अपील मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने की है।

**विधायक जनसंर्पक कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेसी करेंगे ध्वजारोहण**- विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सुबह ८ बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहाँ पर अतिथि स्वप्निल डोंगरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी ,शाहिद खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी ,धवल मॉडल पूर्व नपा अध्यक्ष, रामकिशोर बिसेन महामंत्री जिला काँग्रेस कमेटी ,जेशराज पारधी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर आधिकाधिक संख्या में लोगो से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील विधायक विवेक पटेल एवं समस्त ब्लॉक एवं नगर काँग्रेस कमेटी, सेवादल, राहुल गांधी विचार मंच एवं महिला काँग्रेस यूथ काँग्रेस ने की हैं।

# टीम अटल की कामकाजी बैठक सम्पन्न



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में स्थित पूर्व विधायक डॉ योगेंद्र निर्मल के निवास पर टीम अटल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी अपनी बाते रखी जिस पर सामूहिक निर्णय लिया गया कि जिन ग्रामों में टीम अटल के सदस्य नहीं बने है। वहां कार्यकर्ताओं से संपर्क कर तेजी के साथ सदस्यता अभियान चलाया जाए और आगे की रणनीति भी तय की गई है। साथ ही विभिन्न विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ योगेंद्र निर्मल,अजय बिसेन, कन्हैया लाल पटले ,देवनलाल बिसेन ,महेश उपवंशी, हीरामन राहंगडाले, अमर भाऊ ,झाम सिंह बिसेन, विजय बिसेन, मूलचंद राहंगडाले ,गजानन ठाकरे ,दिनेश कुर्वे ,रामबक्स उपवंशी ,नेतलाल चौधरी ,टीकाराम बाहेश्वर ,गनपत नागेश्वर ,अमर सिंह पटले ,कन्हैयालाल पटले ,सूरजलाल बघेले ,यादोराव पारधी ,अमृतलाल बिसेन, सरोवर देशमुख ,गोशनलाल राणा ,चंदन लाल टेंभरे ,रूद्रालाल जमरे ,नाथूलाल बागड़े ,सेवकराम शिववंशी ,कवनलाल वरकड़े ,अनिल पंचेश्वर ,किशोर सोनवाने ,राजकुमार बेसरकर ,चुन्नीलाल कटरे ,कमल किशोर, चोवाराम सोनबरसे ,सुनीता नगपुरे ,दिगंबर पटले, कुंवर लाल ठाकरे मौजूद रहे।



मान.कमलनाथ
पूर्व मुख्यमंत्री
मान. जीतू पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष
मान.उमंग सिंघार
नेता प्रतिपक्ष

15 अगस्त 2025
स्वतंत्रता दिवस
की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
मान विवेक पटेल
विधायक
विनीत:: विवेक विक्की पटेल, विधायक
वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र




निलेश बौध्द
संभाग अध्यक्ष
जितू सीएन
बौध्द जिला प्रभारी
रितेश बोरकर
जिला अध्यक्ष
अनुभव उके
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत::भीम आर्मी भारत एकता मिशन बालाघाट



नमन उन्हे जो सता के गलियारे से भी दूर हुये।
मकसद था जिनका आजादी उस मकसद से भरपूर हुये।।
जिले वासियों को 15 अगस्त 2025
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें

विनीत:: लोक डोंगरे स्वप्रिल कवि एवं अधिवक्ता



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

कन्हैया खैरवार
सरपंच
अल्का ठाकरे
उपसरपंच
नामदेव राऊत
सचिव
विनीत:: कन्हैया खैरवार सरपंच,श्रीमती अल्का ठाकरे उपसरपंच, नामदेव राऊत सचिव, थानेन्द्र नगपुरे सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत सिकन्द्रा जनपद पंचायत वारासिवनी



15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

लक्ष्मीकांत बैस
सरपंच
हुड़कीराम चुन्ने
सचिव
श्रीमती डिलनबाई नगपुरे
उपसरपंच
टापसिंह बाहेश्वर रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत थानेगांव जनपद पंचायत वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

मान: देवीप्रसाद गौतम
सरपंच
मान: सुरेन्द्र शेन्द्रे
उपसरपंच
विनीत::देवीप्रसाद गौतम सरपंच , सुरेन्द्र शेन्द्रे उपसरपंच, खेलेन्द्र राहगंडाले सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत खापा जनपद पंचायत वारासिवनी



15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

कमलेश झोडे
बीएमओ
संजय तुरकर
खण्ड कार्यक्रम अधिकारी
विनीतः संजय तुरकर खण्ड कार्यक्रम अधिकारी वारासिवनी



15 अगस्त 2025
स्वतंत्रता दिवस
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

मान.प्रदीप जायसवाल
पूर्व केबिनेट मंत्री
वेदप्रकाश पटेल
भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष
बुदबुदा
विनीतः वेदप्रकाश पटेल भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बुदबुदा वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...

सुभाष पारधी
अध्यक्ष, कृषक महासंघ
विनीत:: कृषक महासंघ वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें

मान विवेक पटेल
विधायक
श्रीमती गायत्री राणा
सरपंच
सुनिल राणा
सरपंच प्रतिनिधि
विनीत:: श्रीमती गायत्री सुनिल राणा सरपंच, संगीता गजभियें सचिव, सुनिल गौतम सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा जनपद पंचायत वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को

हार्दिक शुभकामनायें...

विनीत : सतेन्द्र शरणागत
बीआरसी जनपद शिक्षा केन्द्र वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...

विनीत
के एल चौहान
प्रभारी प्राचार्य
कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी




15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं


जावेद अली
जिला अध्यक्ष राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच बालाघाट
विनीत:जावेद अली जिला अध्यक्ष राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच बालाघाट



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की

आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें...

श्रीमती सुषमा स्वरूप मरठे
सरपंच
कमलेश नागेश्वर
उपसरपंच
लिखनलाल ठाकरे
सचिव
राकेश कावरे
सहायक सचिव
विनीतः
श्रीमती सुषमा स्वरूप मरठे सरपंच, कमलेश नागेश्वर उपसरपंच लिखनलाल ठाकरे सचिव, राकेश कावरे सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी
ग्राम पंचायत खंडवा जनपद पंचायत वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को

हार्दिक शुभकामनायें...
विनीत : हुमराज पटले उपप्राचार्य
सीएम राईज़ टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
आप सभी क्षेत्रवासियों को

हार्दिक शुभकामनायें...
विनीत:: पटवारी ब्लॉक अध्यक्ष शांतनु दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती सपना सपाटे,कोषाध्यक्ष राकेश सोनी, सचिव सुरज डहरवाल, मीडिया प्रभारी अंकुश मर्सकोले, तकनिकी सलाहकार शिवा पटले,अखिलेश भोरजार, प्रवक्ता रंजीश हाड़गे, मार्गदर्शक गिरधारी भगत एवं
समस्त पटवारी संघ तहसील शाखा वारासिवनी




सरस्वती शिशु/सरस्वती हायर सकेण्ड्री स्कूल वारासिवनी
की ओर से समस्त अभिभावक
एवं क्षेत्र वासियों को 15 अगस्त 2025
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक
आप सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें
इंग्लिश मिडियम के जी वन से कक्षा 7 तक,
हिन्दी मिडियम कक्षा 8 से कक्षा बारहवीं समूह-
गणित, जीव विज्ञान,कृषि समूह
विनीत:: समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सचिव विजय तेलासकर, प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा एवं समस्त स्टॉप वारासिवनी

# बढ़ाई गई स्टाम्प शुल्क वापस लिए जाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने सौंपा ज्ञापन




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन संघ द्वारा स्टाम्प शुल्क में की गई वृद्धि को वापस लेने महामहिम राष्टपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया । अधिवक्ताओं द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा कुछ दिनों पहले स्टाम्प शुल्क में तीन से चार गुनी वृद्धि कर दी गई है । जिससे आज आम इंसानों पर इस बढ़ाई गई स्टाम्प शुल्क का बहुत अधिक प्रभाव पड़ रहा हैं। वह इस प्रकार बढ़ाई गई स्टाम्प शुल्क को वापस लिए जाने की मांग कर रहे हैं । यदि सरकार द्वारा जल्द इस विषय पर कोई संज्ञान नहीं लिया जाता तो वह उग्र आंदोलन करेंगें। आपको बता दे कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शपथ पत्र, एग्रीमेंट, पावर ऑफ अटर्नी, दान पत्र जैसे 12 दस्तावेजो पर स्टाम्प शुल्क कई गुना बढ़ा दिया गया है। शुल्क बढोतरी आम जनता की रीढ़ पर सीधा हमला है। एग्रीमेंट पहले 100 रूपये का होता था। जिसे 1000 रूपये का किया गया। इस प्रकार अन्य दस्तावेजों के स्टाम्प शुल्क में बढ़ोतरी की गई है । इस बढ़ाई गई स्टाम्प शुल्क को लेकर ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन बालाघाट द्वारा सरकार से बढ़ाई गई स्टाम्प शुल्क कम किए जाने की मांग को लेकर महामहिम राष्टपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन बालाघाट के पदाधिकारी इंद्रजीत गौतम द्वारा बताया गया कि जो स्टाम्प शुल्क बढ़ाई गई है। वह आज बहुत ही गंभीर विषय है। इस प्रकार से सरकार को स्टाम्प शुल्क नहीं बढ़ाना था। क्योंकि यह शुल्क पटा पाना आम इंसान के बजट के बाहर हो गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद सरकार को महंगाई कम करने की ओर सूचना चाहिए , किंतु यहां सरकार के ऊपर महंगाई नियंत्रण पर कोई नियंत्रण नहीं है , उल्टा सरकार महंगाई बढ़ाते जा रही है, उन्होंने जो न्यायालय प्रक्रिया में लगने वाले स्टाम्प की शुल्क बढाई है। उसे आज कहीं ना कहीं पक्षकार बहुत अधिक परेशान है , जो शपथ पत्र 50 रूपये का होता था उसे आज 200 रूपये कर दिया गया है जो काम 500 रूपये के स्टाम्प में हो जाता था ,उसके लिए आज पक्षकारों को 1000 रूपये देना पड़ रहा हैं , अन्य काम जो 500 रूपये में हो जाते थे उसके लिये आज 1000 रूपये देना पड़ रहा हैं । ऐसे कई दस्तावेज है जिनकी शुल्क बढ़ा दी गई है। वह मांग करते हैं कि सरकार इस बढ़ाई गई शुल्क को कम करें और यदि इस पर संज्ञान नहीं लिया जाता तो वह पक्षकारों के साथ और अधिक इसका विरोध करेंगे ।



अनुसुइया क्षत्रीया
सरपंच

शिवशंकर तिवारी
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अनीता पटले रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत उकवा जनपद पंचायत परसवाड़ा


राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवकुमार उइके सरपंच, प्रदीप टेकाम उपसरपंच, खलील खान सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत जगनटोला

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
कमल सिंह धुर्वे
सचिव
बालचंद ऐटेकर
रोजगार सहायक
गुलेंद्र गौतम
ग्राम पंचायत बोदा जनपद पंचायत परसवाड़ा

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
बबीता पन्दे
सचिव
चंद्रेश सोनवानी
रोजगार सहायक
दिलीप पंचेश्वर
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत शेरपा

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
मुकेश कुमार मरावी
सचिव
जंगल सिंह मरावी
रोजगार सहायक
अनूप तिलगाम
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत नव्ही

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
सुन्हेरसिंह पुसाम
सचिव
कोमलसिंह मेरावी
रोजगार सहायक
दशवंत सिंह धुर्वे
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत सिजोरा

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
बलीराम धुर्वे
सचिव
सुमन्त सिंह सैयाम
रोजगार सहायक
महासिंह धुर्वे
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत मोहरई

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
संजय टेकाम
एवं सचिव
प्रभारी सचिव
रोजगार सहायक
सत्यनारायण ताराम
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत खजरा

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
इंद्राणी मेरावी
सचिव
तारनसिंह मरकाम
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत बोदा

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
मालती उयके
सचिव
गोविंद मार्सकाले
रोजगार सहायक
कुलदीप अजीत
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत बिठली

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
देवकी मरावी
सचिव
चरणलाल भुवनेश्वर
रोजगार सहायक
सम्मल सिंह धुर्वे
जनपद पंचायत बैहर ग्राम पंचायत भलापूरी

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
गणपत सिंह मरावी
उपसरपंच
संजय दीवान
रोजगार सहायक
राकेश दीवान
एवं समस्त पंचगण जनपद पंचायत कटंगी बैहर, तहसील बैहर जिला बालाघाट

समस्त क्षेत्रवासियों, बालाघाट एक्सप्रेस के सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
शुभेच्छु-ऋषभ मेश्राम
संवाददाता
(बालाघाट एक्सप्रेस)
हट्टा-जिला बालाघाट


राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री वाय.आर. मेश्राम -वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय वन परिक्षेत्र अधिकारी (उत्पादन) हट्टा, जिला बालाघाट


राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पालकों एवं ग्राम वासियों को
सर्व विधाता शिक्षण समिति बालाघाट द्वारा संचालित कक्षा नर्सरी से 8वीं तक अंग्रेजी माध्यम
श्रीमती सुनिता चौधरी, प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, सनराईज पब्लिक स्कूल
हट्टा, डाईस कोड - 23450110719


डॉ. शिवाजी बिसेन
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. शिवाजी बिसेन जी-संचालक
थोक एवं चिल्लर विक्रेता
डेविड इलेक्ट्रिकल्स एवं कृषि केन्द्र मोहगांव खुर्द


श्री संतोष कुमार चौधरी
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संतोष कुमार चौधरी सरपंच, राजेश चौधरी उपसरपंच,
चरणलाल धारने सचिव, श्रीमती निशा पटले सहायक सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत हरदोली, जनपद पंचायत बालाघाट


राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मीना बागड़े सरपंच, दीपक दमाहे उपसरपंच,
सेवराम पांचे सचिव, शांतीलाल बिसेन सहायक सचिव,
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत परसवाड़ा, जनपद पंचायत बालाघाट


श्रीमती पुष्पलता पांचे
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती पुष्पलता डोमाजी पांचे सरपंच, जगपाल पिछोड़े उपसरपंच,
बालचंद गुर्जर सचिव, धनेन्द्र पटले सहायक सचिव,
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत सिगोड़ी, जनपद पंचायत किरनापुर


श्रीमती सरोजनी पांचे
सरपंच

राजेश पांचे
सरपंच पति
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सरोजनी राजेश पांचे सरपंच, पवन लिल्हारे उपसरपंच,
अर्जुन बाहे सचिव, देवेन्द्र राहंगडाले सहायक सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत करियादण्ड, जनपद पंचायत किरनापुर


श्रीमती ममता बिसेन
सरपंच

रमेश बिसेन
सरपंच पति
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती ममता रमेश बिसेन सरपंच, नंदकिशोर डेकवार उपसरपंच,
डोमाजी पांचे सचिव, सुनिता सहारे सहायक सचिव,
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत सारद, जनपद पंचायत किरनापुर


श्रीमती योगीता तरवरे
सरपंच

श्री रविन्द्र तरवरे
सरपंच पति
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती योगीता तरवरे सरपंच, पवन पारधी उपसरपंच,
श्यामु पांचे सचिव, श्रीमती रेखा पटले सहायक सचिव,
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द, जनपद पंचायत किरनापुर


श्रीमती अल्केश्वरी राहंगडाले
सरपंच

अमृतलाल राहंगडाले
सरपंच पति
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अल्केश्वरी अमृतलाल राहंगडाले सरपंच, श्री योगराज पटले उपसरपंच,
श्री लक्ष्मीचंद बाहे सचिव, श्री दीपक जामरे सहायक सचिव,
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत भालवा, जनपद पंचायत किरनापुर


श्री पीतमलाल पांचे
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पीतमलाल पांचे सरपंच, ठानीराम पांचे उपसरपंच,
लालजी दमाहे सचिव, युगल किशोर सहायक सचिव एवं समस्त पंचगण,
ग्राम पंचायत खोड़सिवनी, जनपद पंचायत बालाघाट


श्री ताराचंद बघेले
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ताराचंद बघेले सरपंच, रूकनलाल ठाकरे उपसरपंच,
नेमराज रंगारे सचिव, छमेन्द्र राहंगडाले सहायक सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत निम्देवाड़ा, जनपद पंचायत किरनापुर


श्री उमेश मात्रे
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री उमेश भादूलाल मात्रे सरपंच, बनवाशी खरे उपसरपंच,
फूलचंद राहंगडाले सचिव, गणेश उइके सहायक सचिव, एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत डूण्डासिवनी, जनपद पंचायत किरनापुर


श्री रामेश्वर चौधरी
सरपंच
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामेश्वर चौधरी सरपंच, श्रवण बिसेन उपसरपंच, श्रीमती दीपिका डहरवाल सचिव,
प्रकाश गौतम सहायक सचिव, एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत परासपानी, जनपद पंचायत बालाघाट

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
देश की यही है पुकार शिक्षा है सबका अधिकार
श्री आर.के. माहुले
प्रभारी प्राचार्य

श्री आर.के. माहुले
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव ध. (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सबको शिक्षित बनाये, देश को विकसित बनाये
श्री संजय कुमार मेश्राम
प्राचार्य

श्री संजय कुमार मेश्राम
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगझरी (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
दीप से दीप जलाये आओ मिलकर, सबको शिक्षित बनाये
दिनेश रंगारे
प्रभारी प्राचार्य

दिनेश रंगारे
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगायें, पेड़ बचायें, दुनिया को सुंदर बनायें।
विजय कुमरे
वनपरिक्षेत्र अधिकारी

विजय कुमरे
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ
म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. लामटा परियोजना मंडल बालाघाट (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आओ शिक्षा का प्रकाश जलाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं
शिवचरण मरावी
प्राचार्य

शिवचरण मरावी
प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघोली लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
हम सब ने ठाना है, शिक्षा को आगे बढ़ाना है।
श्री आर.के. बोपचे
प्रभारी प्राचार्य

श्री आर.के. बोपचे
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश कारे
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेंगनीकला (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आओ शिक्षा का प्रकाश जलाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं
श्री टी.के. तुरकर
प्राचार्य

टी.के. तुरकर, प्राचार्य
वैदिक कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संतोष पंचेश्वर
सरपंच

गुलाब टेकाम
सचिव

प्रवीण खैरवार
रोजगार सहायक
संतोष पंचेश्वर सरपंच, देवीप्रसाद नागेश्वर उपसरपंच, गुलाब टेकाम सचिव, प्रवीण खैरवार रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत नेवरगांव-लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कच्ची शराब जहरीली है,
इसका सेवन करना मानव जीवन के लिये हानिकारक है।

श्री विकास तिवारी
शुभेच्छु -विकास तिवारी
बालाजी ग्रुप लालबर्रा


बासुंतराव ढबाले
सरपंच

बसंत चौरे
सचिव
स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जय जवान... जय किसान...
विनीत - बासुंतराव ढबाले सरपंच, विष्णु कुकड़े उपसरपंच, बसंत चौरे सचिव, श्रीमती दीपा बिसेन रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी, ग्राम पंचायत बम्हनी (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा ....
झंडा ऊंचा रहे हमारा .....
- निवेदक -
डॉ. ऋतु धुर्वे
खण्ड चिकित्सा अधिकारी

डॉ. ऋतु धुर्वे
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वन व वन्यप्राणियों की सुरक्षा करना हमारा मौलिक कर्तव्य है
श्री टी.सी. मरावी
वनपरिक्षेत्र अधिकारी

श्री टी.सी. मरावी
एवं समस्त स्टॉफ
दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा (बालाघाट)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षा है जीवन का आधार, शिक्षा बिना सब है बेकार
श्री सनत दुबे
प्रभारी प्राचार्य

श्री सनत दुबे, प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
सीएम राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सोमेश्वर मोहतुरे
सरपंच

रेवनलाल आमाडारे
उपसरपंच

योगराज टेंभरे
सचिव

अखिलेश पारधी
रोजगार सहायक
सोमेश्वर मोहतुरे सरपंच, रेवनलाल आमाडारे उपसरपंच,
योगराज टेंभरे सचिव, अखिलेश पारधी रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत डोकरबंदी-लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आओ शिक्षा का प्रकाश जलाएं, सभी का जीवन बेहतर बनाएं
आर.सी. बिसेन
प्रभारी प्राचार्य

आरसी बिसेन
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्कूल चलें हम...खूब पढ़े हम...
6 से 14 वर्ष का हर बच्चा
पाये अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा
देश के वीर शहीदों को शत .. शत नमन
श्रीराम तुरकर
विकासखंड स्रोत
समन्वयक अधिकारी

श्रीराम तुरकर
विकासखण्ड स्रोत समन्वयक अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ, जनपद शिक्षा केन्द्र लालबर्रा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती कृष्णा मानेश्वर
सरपंच

पीतम गोले
उपसरपंच

भगतराम तुलसीकर
सचिव
श्रीमती कृष्णा मानेश्वर सरपंच, पीतम गोले उपसरपंच, भगतराम तुलसीकर सचिव
समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत छिंदलई (लालबर्रा)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आओ मिलकर कदम बढ़ाये देश के सभी बच्चों को शिक्षित बनाये
आर.के. कटरे
प्रभारी प्राचार्य

आर.के. कटरे
प्रभारी प्राचार्य
एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारीगण
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव (लालबर्रा)






स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गोविंद पटले-सरपंच, श्रीमती दशमी सहारे-उपसरपंच,
बलीराम पटले -सचिव, चंद्रशेखर भगत -रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी
ग्राम पंचायत चिचगांव-लालबर्रा

गोविंद पटले , सरपंच

स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्री श्यामराव डोंगरे
सरपंच

आनंद ठाकरे
उपसरपंच

श्री कोमलप्रसाद कटरे
सचिव

श्री प्रेमलाल काटेकर
रोजगार सहायक
श्यामराव डोंगरे सरपंच, आनंद ठाकरे उपसरपंच, कोमलप्रसाद कटरे सचिव, प्रेललाल काटेकर रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत नैतरा-लालबर्रा

# संतान के दीर्घायु के लिए माताओं ने व्रत रखकर की हरछठ माता की पूजा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर व क्षेत्र में संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु एवं मंगल कामना के लिये भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष के षष्ठी तिथि को संतान के सुख की प्राप्ति के लिए हरछठ माता का व्रत रखकर पूजा-अर्चना की गई। यह व्रत भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम के जन्म के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। प्राचीन परम्परानुसार हलषष्ठी के दिन महिलाओं द्वारा व्रत रखकर पूजन सामग्री एकत्रित कर सामुहिक रूप से पूजन कर संतान की सलामती के लिए कथा का वाचन कर पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान कहीं पंडितों द्वारा कथा का वाचन किया गया तो अनेक जगह वरिष्ठ महिलाओं द्वारा संतान से संबंधित कथाएं सुनाई गई। कथा के उपरान्त आरती पूजन कर महिलाओं ने एक-दूसरे को टुकनियों व दोने में लाही, चना, महुआ, नारियल प्रसादी आदि का वितरण किया गया। नगर के वार्ड क्र.3 में पेट्रोल पम्प के पिछे श्रीमती वंदना वैष्णव के निवास पर महिलाओं द्वारा सामुहिक रूप से एकत्रित होकर विधिविधान से हरछठ माता का पूजन किया गया। पूजन सामग्रियों में महुए के पत्तों से दोना व पत्तल बनाकर उसमें लाई, चना, महुआ रखकर चढ़ाया जाता है, पलाश की डाल के साथ काश के फूल रखकर छटमाता की पूजा की जाती है, जिसमें भैस का दूध, दही, घी, फल चढ़ाकर पूजा की जाती है एवं खाने में बिना हल से जुते हुये अन्न व फल का उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे को कुमकुम लगाकर प्रसादी स्वरूप लाई, चना टुकनियों में रखकर आपस में आदान प्रदान किया गया।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता
PGDCA , DCA
यूनिवर्सल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सालेटेकरी मार्ग लांजी, 7000429557

नगरीय क्षेत्र लांजी के प्रिय नागरिकों,
15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाओं, के साथ नगर परिषद लांजी द्वारा अपील की जाती है कि
- हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में सहयोग अपेक्षित।
- हरित अभियान/एक पेड मॉं के नाम/अंकूर अभियान को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण कार्य में सहयोग अपेक्षित।
- स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर/वार्डो में साफ-सफाई रखने में सहयोग एवं डस्टबीन का उपयोग अपेक्षित।
- सार्वजनिक/घरेलु नल कनेक्शनों के पानी को व्यर्थ ही उपयोग ना कर 'जल संरक्षण' में सहयोग अपेक्षित।
- सम्पतिकर/जलकर एवं अन्य कर नियमित रूप से प्रतिवर्ष जमा कर नगर विकास में सहयोग अपेक्षित।

।। निवेदक ।।
अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सभापति
समस्त पार्षदगण एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद लांजी
जिला-बालाघाट (म.प्र.)

# तिंरगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)।। कोबरा बटालियन 208 द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। देशभर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत 208 कोबरा बटालियन, के.रि.पु.बल, बड़गाँव, किरनापुर, बालाघाट (म.प्र.) में स्थित क्षेत्रीय सी.आर.पी.एफ परिवार कल्याण संस्थाद्वारा भव्य हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया इस यात्रा का उद्देशय राष्ट्रध्वज के प्रति जन-जन में सम्मान, एकता और देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना है। यात्रा का शुभारंभ श्रीमति बबिता कुमारी (अध्यक्षा, क्षेत्रीय सी.आर.पी.एफ परिवार कल्याण संस्था द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को लहराकर किया गया। इस तिरंगा यात्रा में कैम्प निवासरत 70 महिलाएं, स्थानीय प्रशासन के महिला प्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। देशभक्ति गीतों, नारों और तिरंगे की छटा से यात्रा का वातावरण पुरी तरह राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। उपरोक्त कार्यक्रम के अतिरिक्त हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 208 कोबरा बटालियन के श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में बटालियन के जवानों ने 卐सहारा वृध्दाश्रम卐, भटेरा, बालाघाट में वृध्दाश्रम के बुजुर्गो के साथ तिरंगा फहराया और खुशियाँ बाटी। अधिकारी द्वारा उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उन्हे विश्वास दिया कि 208 कोबरा बटालियन हमेशा उनके सहयोग में हमेशा तत्पर रहेगी। इस कार्यक्रम में बुजुर्गो ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए तथा संगीतमय देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। जवानों ने बुजुर्गों का आर्शिवाद लिया और उन्हें सम्मानपूर्वक तिरंगे और मिठाईया भेट दी। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में विस्तुत जानकारी दी गई और उन्हें तिरंगा फहराने हेतु आह्वान किया गया।

15 अगस्त 2025
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
" मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा "
लांजी परिक्षेत्र की No. 1 संस्था
दृष्टि कम्प्यूटर
PGDCA
DCA
बनोठे काम्प्लेक्स, इंडेन गैस एजेंसी के ऊपर, सालेटेकरी रोड, लांजी
7999395989 8989201110

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहझरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
प्रमोद कुमार भिमटे
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य
पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच - राम देवीचरण ठाकरे
उपसरपंच- सुरेश पांचे
सचिव- मनोहर चौरे
सहा. सचिव - सुरेशकुमार भिमटे
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भानेगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच - ताराचंद कुचलाहे
उपसरपंच- संजय धारणे
सचिव- ऋषि मस्करे
सहा. सचिव - नोहरलाल पिपरेवार
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत दुलापुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच - श्रीमती सुनैना जतिन नगपुरे
उपसरपंच- डॉ.बसंतकुमार हरिनखेड़े
सचिव- संतोष बैस
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुलपा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच - प्रभुशंकर भर्रे
उपसरपंच- गिरधारी ठाकरे
सचिव- चन्द्रप्रकाश रावते
सहा. सचिव - माधुरी पारधी
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत मोहारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच -श्रीमती राधिका ओमप्रकाश कंकरायने
उपसरपंच- नरेन्द्र बल्लारखेड़े
सचिव-नंदकुमार भटेरे
सहायक सचिव-अमरलाल मिसारे
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुम्हारीकला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच-कु.शिविका पालेवार
उपसरपंच-मोहनलाल खुड़शाम
सचिव-सुरेन्द्र दमाहे
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत देहगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच-श्रीमती ठगुबाई मोहनलाल बिछोड़े
उपसरपंच-उषाबाई दुरूगकर,
सचिव-पवन कंकरायने
सहायक सचिव-प्रदीप कुमार रावते
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अमेड़ा पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच-गणेशराम नारनौरे
उपसरपंच-महेन्द्र सिंह उमरे
सचिव-राजकुमार कावड़े
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पालडोंगरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
प्राचार्य-बी.आर गुरदे
उप प्राचार्य - प्रवीणचन्द्र साहू
एवं पालक शिक्षक संघ,
समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं एवं स्टाफ
सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोलेगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच-श्रीमती सुकमन धनराज चौधरी,
उपसरपंच-राजेश महेरबान
सचिव-कैलाश गजभिए,
सहायक सचिव-झुम्मकदास लिल्हारे
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भुरसाडोंगरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण
पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारीकला

एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव की ओर सें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

संचालक आशाराम कुशले
प्रधानपाठका श्रीमती ममता कुशले
समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं, स्व.श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति भानेगांव

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

सरपंच-ओंमकार बाबा राहांगडाले, उपसरपंच-भोजराज देशमुख
सचिव- मनोहर चौरे, सहायक सचिव-कपूरचंद गौतम
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सावरीकला


ललीत कबीरे
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच-ललीत कबीरे, उपसरपंच-प्रमोद बापुरे
सचिव-अनिल कामड़े, सहसचिव-नरेंद्र गजभिए
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी पंचायत आवा


श्रीमती स्नेहा बागड़े
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सरपंच-श्रीमती स्नेहा बागड़े, उपसरपंच-निलेश शिवणकर
सचिव-गणेश रणदिवे, सहसचिव-धनेश रतोने
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी पंचायत कारंजा

सेन्ट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी की ओर सें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
निर्देशक
विभा अनिल तिवारी
प्राचार्य
हेमन्त बनकर
समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं
सेन्ट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी

विद्याभारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी
कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
अध्यक्ष-बारेलाल बड़घैया, उपाध्यक्ष-संतोष तिड़के, सचिव/ व्यवस्थापक-विजय रामटेक्कर, सह सचिव-श्रीमती दुर्गा रामटेककर, कोषाध्यक्ष-छबीलाल मरठे, सदस्य श्यामलाल पांडे, योगेश रामटेककर, ठाकुरदास लिल्हारे, नागेश्वर मेहरकर, डॉ राजेश रणदिवे, प्रेमलाल नगपुरे, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी तथा समस्त आचार्य एवं भैया बहिन

क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती वंदना वैद्य
-संचालक-
श्रीमती वंदना वैद्य
एवं समस्त महाविद्यालय परिवार
पाली एकेडिमक इंस्टीट्यूशन बिसोनी, लांजी
तह. लांजी. जिला. बालाघाट मप्र.

साकेत पब्लिक स्कूल लांजी, मोस्ट मध्यप्रदेश संस्था लांजी की ओर से स्वतं0ता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक- संतोष मोरघड़े
प्राचार्य - महेन्द्र कुमार दुरूगकर
प्रधानपाठिका- श्रीमती एन. सोनवाने
टीटीओ- संदीप रामटेक्कर
6-एमपी कॉय एनसीसी ग्रुप लांजी एवं
समस्त शाला परिवार साकेत पब्लिक स्कूल लांजी

# कृष्ण के आदर्श और भारतीय संस्कृति में उनका महत्व

भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी का दिन सम्पूर्ण भारतवर्ष में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी ने इसी दिन अपने आठवें पुत्र रूप में भगवान श्रीकृष्ण को जन्म दिया था। यह पर्व भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन और जीवन मूल्यों का जीवंत उत्सव है। जन्माष्टमी की तिथि को लेकर इस बार कुछ भ्रम उत्पन्न हुआ था। द्रिक पंचांग के अनुसार, 15 अगस्त की रात 11 बजकर 49 मिनट से भाद्रपद माह की कृष्णाष्टमी प्रारंभ हो रही थी, जो 16 अगस्त की रात 9 बजकर 24 मिनट तक रहेगी जबकि रोहिणी नक्षत्र 17 अगस्त की सुबह प्रारंभ होगा। विद्वानों का मत है कि जब अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का मिलन नहीं हो रहा हो, तब उदयातिथि को मान्यता देकर उत्सव मनाया जाए। इस दृष्टिकोण के अनुसार, इस वर्ष जन्माष्टमी 16 अगस्त को ही मनाई जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक घटना नहीं बल्कि मानव जीवन के लिए गहन संदेश और आदर्श जीवन का प्रारूप है। उनके बाल्यकाल से लेकर जीवन के प्रत्येक क्षण में लीलाओं का अद्भुत श्रृंगार दिखाई देता है। उन्होंने अपने बड़े भाई बलराम का घमंड तोड़ने के लिए हनुमान जी का आव्हान किया, जिन्होंने बलराम की वाटिका में जाकर उनका घमंड चूर कर दिया। श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक असुर के कारागार से 16,100 बंदी महिलाओं को मुक्त कराया, जिन्हें समाज ने बहिष्कृत कर दिया था। उन सभी महिलाओं को उन्होंने अपनी रानियों का दर्जा देकर सम्मानित किया। ये लीलाएं न केवल अद्भुत हैं बल्कि जीवन के नैतिक और सामाजिक संदेश भी देती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनके पुत्र कंस अत्यंत क्रूर और अत्याचारी थे। कंस बलपूर्वक अपने पिता का सिंहासन छीनकर स्वयं मथुरा का राजा बन गया। उसकी बहन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ हुआ। विवाह के समय कंस को आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र उसका संहारक बनेगा। भयभीत कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में डाल दिया। पहले सात पुत्रों को कंस ने मार डाला। जब आठवें गर्भ की सूचना मिली तो कंस ने कारागार की सुरक्षा और पहरे कड़े कर दिए। अंततः वह क्षण आया, जब देवकी ने श्रीकृष्ण को जन्म दिया। उस समय मथुरा में घोर अंधकार और मूसलाधार वर्षा हो रही थी। देवकी के गर्भ से जन्म लेते ही कोठरी में अलौकिक प्रकाश फैल गया और वसुदेव ने देखा कि उनके सामने शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान खड़े हैं। उनके दिव्य रूप के दर्शन कर वसुदेव और देवकी उनके चरणों में गिर पड़े। भगवान ने वसुदेव से कहा कि वे बालक का रूप धारण करेंगे और तुरंत गोकुल में नंद के घर पहुंचा दें, जहां एक कन्या का जन्म हुआ है। उसी कन्या को कंस को सौंप दें। उनकी माया से कारागार के सभी ताले और पहरेदार सो रहे थे और यमुना ने मार्ग सुरक्षित कर दिया। वसुदेव ने भगवान की आज्ञा का पालन किया और शिशु कृष्ण को सिर पर उठा लिया। यमुना में प्रवेश करते ही जल उनके चरणों के स्पर्श से हिलोरें लेने लगा और जलचर उनके चरणों के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। गोकुल पहुंचकर वसुदेव ने नंद बाबा के घर सोई हुई कन्या को उठाया और उसकी जगह श्रीकृष्ण को लिटा दिया। कारागार में लौटकर वसुदेव ने देखा कि ताले अपने आप बंद हो गए और पहरेदार जाग गए। कंस को जैसे ही कन्या के जन्म का समाचार मिला, वह तुरंत कारागार पहुंचा। उसने कन्या को मारने का प्रयास किया लेकिन कन्या अचानक आकाश में उठ गई और कहा कि उसका संहारक गोकुल में सुरक्षित है। कंस ने भगवान को मारने के लिए कई राक्षस भेजे लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रत्येक राक्षस का वध कर कंस का अंत किया। इसके बाद उन्होंने उग्रसेन को राजगद्दी पर बिठाया और अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को कारागार से मुक्त कराया। तभी से जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा।

# हवा-पानी की आजादी के बिना आजादी अधूरी

देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेजी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आजादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे आजादी को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आजादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आजादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आजादी मिली है? आजादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज बनती जा रही है। 'हवा-पानी की आजादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है। जल संकट भविष्य में सबसे बढ़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है। दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना-ये सब मिलकर हवा को जहरीला बना रहे हैं। भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है-तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोह और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे- अब भी खरे हैं तालाब। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आजादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए। आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है। आज हम दुनिया के सबसे बडे लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है-हमारी आजादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोजगारी का नहीं, बल्कि शुद्ध हवा-पानी जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ी सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमने अंग्रेजी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आजादी है?

**-ललित गर्ग**

# भारतीय राष्ट्रवाद और देश की आजादी

मौलिक तौर पर भारतीय राष्ट्रवाद का उदय विदेशी शासन के विरूद्ध हुआ। अंग्रेजों ने भारत पर अपना आधिपत्य अपने हितों की बढ़ोत्तरी के लिए स्थापित किया था, न कि भारतीयों की उन्नति के लिए। अतएव दोनों पक्षों के बीच संघर्ष अवश्यंभावी ही था। अंग्रेजी शासन भारत के आर्थिक पिछड़ेपन का मुख्य कारण बन गया था। भारत का हर सामाजिक वर्ग किसी न किसी ढंग से इस हुकूमत के अधीन पीड़ित हो रहा था। किसान भूराजस्व का भागीदार सह नहीं सकते थे और न ही जमींदारों और सूदखोरों के अत्याचार को, जिन्हें अंग्रेजी प्रशासन सुरक्षा प्रदान कर रहा था। भारतीय कारीगर भी प्रसन्न नहीं थे क्योंकि इस नवीन शासन ने जबरदस्ती उनकी औद्योगिक कलाओं का विनाश कर डाला था। औद्योगिक श्रमिक भी असंतुष्ट थे, क्योंकि ब्रिटिश सरकार पूंजीपतियों का ही पक्ष लेती थी। मध्यम वर्ग एवं बुद्धिजीवियों ने भी ब्रिटिश शासन के बुरे परिणामों को तीव्र रूप से महसूस किया।दादा भाई नौरोजी एवं राणाडे जैसे मध्यम वर्गीय बुद्धिजीवियों ने यह स्पष्ट कर दिया था कि ब्रिटिश शासन भारतीय आर्थिक विकास के प्रतिकूल है। भारतीय पूंजीपतियों में भी यह विश्वास जगा था कि भविष्य में उन्हें ब्रिटिश साम्राज्य का विरोध करना पड़ेगा, वरन उनका स्वतंत्र विकास नहीं हो सकता है। इन तथ्यों के अतिरिक्त अंग्रेजों का घमंडी व्यवहार प्रत्येक स्वाभिमानी भारतीय को जागरूक बना दिया था। अतएव 19वीं शताब्दी के अंत तक भारत में एक शक्तिशाली साम्राज्य विरोधी आंदोलन प्रारंभ हुआ। यह एक राष्ट्रीय आंदोलन था, क्योंकि इसमें भारत के भिन्न-भिन्न वर्ग अपने आपसी द्वेष को भूलकर एक हो गए और ब्रिटिश राज्य का विरोध करने लगे। एक प्रकार से देखा जाए तो अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन अनजाने में ही प्रारंभ करा दिया। यद्यपि अंग्रेज रेल डाक एवं समस्त प्रशासन का विकास अपने हित में किए थे। संचार एवं यातायात की इन सुविधाओं से भारतीय एक दूसरे के निकट आ सके और आंदोलन को इससे गति मिली।पश्चिमी विचारधारा एवं शिक्षा के फलस्वरूप अनेक भारतीयों ने राजनीति का आधुनिक दृष्टिकोण अपनाया और इस योग्य भी हो सके कि ब्रिटिश शासन की शोषण करने वाली प्रकृति को पहचाने। इस शिक्षा के कारण ही भारत में अनेक नेता पैदा हुए, जिन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया। भारतीय राष्ट्रवाद के विकास में समाचार पत्रों का भी योगदान कम नहीं है, विशेषकर देशभक्त के संदेश को प्रचार करने में। उस समय कुछ प्रमुख राष्ट्रवादी समाचार पत्र 'दि हिन्दु', 'अमृत बाजार पत्रिका', 'दि इंडियन मिरर' इत्यादि थे। इसी प्रकार राष्ट्रीय चेतना राष्ट्रवादी साहित्य से भी उत्तेजित हुई। बंकिम चन्द्र चटर्जी, रविन्द्रनाथ टैगोर, भारतेन्तु हरिशचन्द्र, विष्णु शास्त्री 'चिपलंकार' इत्यादि के साहित्य रचनाओं का राष्ट्रवादी चेतना के विकास में अत्यधिक योगदान है।यद्यपि अंग्रेजों ने यह जताना चाहा था कि भारतीयों में राष्ट्रीय स्वशासन चलाने की योग्यता नहीं है। कुछ भारतीयों (नेताओं) और लेखकों ने यह विश्वास लगाया कि भारतीय परम्परा एवं संस्कृति प्राचीन समय से ही बड़ी विकसित रही है और अंग्रेजों को यहाँ कुछ सिखाने की आवश्यकता नहीं है। उसी समय राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने अशोक चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य, अकबर इत्यादि की उपलब्धियों एवं अशोक चन्द्रगुप्त को बेमिसाल बताया। भारतीय प्राचीन विज्ञान, राजनीति दर्शन स्थापत्य कला इत्यादि को भी अद्वितीय बताया गया जिससे भारतीयों में अपनी संस्कृति एवं परम्परा के प्रति गौरव पैदा हुआ। उपर्युक्त कारणों के चलते 1870-80 दशक तक ऐसा प्रतीत होने लगा कि भारतीय राष्ट्रवाद सबल ढंग से प्रारंभ हो चुका है। परन्तु वह लार्ड लिटन का प्रतिक्रियावाद शासन था, जिसके कारण भारतीय राष्ट्रवाद एक संगठित रूप धारण किया। इसके शासन के समय ब्रितानी कपड़ों पर से सभी चुंगियां उठा ली गईं। इससे भारतीय उत्पादकों को बेहद हानि पहुंची और अंग्रेजों के विरूद्ध क्रोध की एक लहर दौड़ गई। लिटन के शासन के समय दूसरा अफगान युद्ध भी अत्यधिक खर्चीला रहा।भारतीयों को बंदूक की लाइसेंस मिलना कठिन बना दिया गया। इससे भारतीय राष्ट्रवादियों ने यह समझा कि अंग्रेज समस्त राष्ट्र को नपुंसक बनाना चाहते हैं। इसी प्रकार जब वरनाकुलर प्रेस ऐक्ट द्वारा देश भक्तों की आवाज मौन करने का प्रयत्न किया गया तो इससे साम्राज्य विरोधी भावना और भी तीव्र हुई।सुरेन्द्रनाथ बनर्जी तथा लाला लाजपत राय ने मैजिनी, गैरीबाल्डी और उनके द्वारा आरम्भ किए गये. इस यूरोपीय राष्ट्रवाद ने उभरते हुए भारतीय राष्ट्रवाद को बहुत हद तक प्रभावित किया 1877 की दिल्ली दरबार की फिजूलखर्ची से भारतीय अत्यधिक प्रभावित हुए। क्योंकि यह फिजूलखर्ची उस समय की गई, जब भारत में एक भीषण अकाल पड़ा था और लाखों लोगों की जानें जा रही थीं। लगभग इसी समय आई.सी.एस. की परीक्षा भी भारतीयों के लिए कठिन बना दी गई, जब परीक्षा के लिए उम्र सीमा 21 वर्ष से घटाकर 19 वर्ष कर दी गई।कहा जाता है कि यदि लिटन ने साम्राज्यवाद विरोधी चेतना को तीव्र बनाया तो इलविर्ट बिल मतभेद ने भारतीय राष्ट्रवाद को संगठित कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को जन्म दिया। कानून संबंधित यह विवाद लिटन के बाद वायसराय लार्ड रिपन के समय आरंभ हुआ। लार्ड रिपन ने भारतीय जिला पदाधिकारी एवं सक्षम न्यायाधीशों की शक्ति को बढ़ाना चाहा। उन्हें यूरोपीयों के फौजदारी मुकदमों की सुनवाई का भी अधिकार दिया। परन्तु इस प्रस्ताव का यूरोपीय समुदाय ने शक्तिशाली विरोध किया। अंततः प्रशासन को इनकी बात माननी पड़ी और कानून प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। इस प्रशासन को ला मेम्बर इलवर्ट ने प्रस्तुत किया था। इसलिए इसे इलवर्ट बिल विवाद कहा जाता है। इस विवाद से भारतीयों को यह स्पष्ट हो गया कि अंग्रेज उनसे घृणा करते हैं और हेय दृष्टि से देखते हैं।परन्तु यूरोपीयों के इलवर्ट विरोधी आंदोलन को देखकर भारतीयों ने भी यह प्रेरणा पाई कि अगर उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में सफल होना है तो उन्हें संगठित होकर बिना हिम्मत हारे एक लम्बा संघर्ष चलाना पड़ेगा।उपर्युक्त कारणों से 19वीं शताब्दी के अंत तक भारतीय राष्ट्रवाद की उत्पत्ति तो हो ही चुकी थी। परन्तु इसकी सर्वोत्तम अभिव्यक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना में पाई जाती है जो 1885 में हुई। इसके पूर्व भी क्षेत्रीय एवं वर्ग स्तर पर साम्राज्यवाद विरोधी संगठन बनाए जा रहे थे। परन्तु राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भारतीयों में राष्ट्रीय राजनीतिक चेतना का विकास बहुत तीव्र गति से हुआ फलस्वरूप भारत में एक संगठित राष्ट्रीय आन्दोलन का सूत्रपात हुआ भारतीय राष्ट्रवाद कुछ सीमा तक उपनिवेशवादी नीतियों तथा उन नीतियों से उत्पन्न भारतीय प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप ही उभरा था पाश्चात्य शिक्षा का विस्तार मध्यवर्ग का उदय रेलवे का विस्तार तथा सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों ने राष्ट्रवाद की भावना के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई भविष्य में भारतीय राष्ट्रीय संघर्ष भिन्न-भिन्न कारणों से अपने भिन्न-भिन्न चरणों में और भी तीव्र
होता गया।

**-संजय गोस्वामी**

# ट्रंप के खिलाफ टैरिफ से पीडित देशों के एकजुट होनें से ट्रंप की मुश्किलें बनेगी?

वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के राष्ट्रपति पूरी दुनियाँ में अपने टैरिफ की हुंकार भर रहे हैं, जिसको वह एक दबाव के अस्त्र के रूप में उपयोग कर,सभी देशों से अपने ढंग से अपनी शर्तों पर समझौता करवा कर उन्हें टैरिफ में छूट दे रहे हैं। जबकि जिस देश में अमेरिका का काम अड़ा हुआ है या कुछ जरूरी आपूर्ति के रूप में प्राप्त हो रहाहै तो उसे वह छोड़ रहे हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं किअनेक देश उनके टैरिफ दबाव के कारण समझौते पर राजी हो गए हैं, परंतु भारत रूस से रक्षा उपकरण खरीदने तथा पशुपालन डेयरी फार्म, किसान व मछली उद्यम क्षेत्र सहित कुछ मुद्दों पर मुक्त व्यापार समझौता नहीं करने पर अड़ा हुआ है,जिसके कारण बात बहुत भयंकर हद तक बिगड़ गई है। दो दिन पूर्व 50 पेर्सेंट टैरिफ की घोषणा के बाद, अब 8 जुलाई 2025 को ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड पर कोई मीटिंग या बातचीत नहीं करने की घोषणा की है,यानें अब अमेरिका से आने वाला अधिकारियों का डेलिगेशन नहीं आएगा तथा अब भारत अमेरिका के साथ दो-दो हाथ करने को तैयार बैठा है, जिसपर ट्रंप सहित पूरा विश्व हैरान है कि, भारत ने इतने प्रभावशाली देश को तगड़ा जवाब कैसे दे दिया, भारत के पीछे उसके साथ कौन आकर खड़ा हो गया है? इत्यादि अनेक सवाल उठ गए हैं। बता दें 8 अगस्त 2025 को ही भारतीय पीएम ने रूस के राष्ट्रपति के साथ टेलीफोन पर वार्ता की, व रूसी राष्ट्रपति की शीघ्र ही भारत आने की संभावना है, तथा चीन ब्राजील इजरायल ईरान से भी भारत का समर्थन करने के इंडिकेशन प्राप्त हो रहे हैं। संभावना है कि भारतीय पीएम 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने व चीन रूस ब्राजील इत्यादि देशों से नतीजात्मक वार्ता जरूर होगी व रूस चीन भारत का ट्रायंगल बन सकता है, जो अमेरिका के लिए मुसीबतों का द्वार खोल सकता है, तो फिर निश्चित रूप से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की चाहत को झटका लग सकता है। उधर पाक जनरल का अमेरिका के निरंतरण पर कुछ हफ्तों में दूसरी बार दौरा कर रहे हैं।इस बीच ट्रंप ने और अधिक टैरिफ बढ़ाने और अनेक पाबंदियां लगाने का इशारा दे दिया है। बता दे उन्हें संसद से 500 पेर्सेंट तक टेरिफ लगाए जाने वाला बिल पास होने की संभावना है।चूँकि भारत पर ट्रंप का टैरिफ वार,भारत को झुकाने से इनकार,विश्व के दिग्गज देश भारतीय समर्थन को तैयार इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के टैरिफ पीड़ति देशों का समूह अगर एकजुट हुए तो ट्रंप की मुश्किलें बहुत अधिक बढ़ेगी? साथियों बात अगर हम टैरिफ मुद्दे पर भारत अमेरिका की तेजी से बढ़ती तकरार की करें तो, एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत से आयातित सामान पर टैक्स 25 से बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है तो वहीं भारत ने ट्रंप के इस फैसले को पूरी तरह अनुचि?त ,अन्याय्पूर्ण और असंगत करार दिया, वहीं भारत के पीएम ने भी बिना नाम लिये अमेरिका को कड़ा संदेश दिया है।भारत के खिलाफ ट्रम्प के टैरीफ वार ने देश के 146 करोड़ लोगों को एकजुट कर दिया है। भारत ने अमेरिका को एक दोस्त मानते हुए बराबरी के रिश्ते को मजबूत करने की कोशिश की। लेकिन ट्रम्प भारत से व्यक्तिगत और व्यापारिक फायदे उठाना चाहते थे। आज हमारे देश में करीब 70 करोड़ लोग कृषि पर निर्भर है,करीब 3 करोड़ लोग मछलीपालन से जुड़े हुए है, जबकि 8 करोड़ परिवार ऐसे है जिनके पास गाय-भैंस है।आज इन सभी लोगों के हितों को बचाने केलिए पीएम लड़ रहे हैं।

साथियों बात अगर हम टैरिफ मुद्दे पर अमेरिका से बढ़ते तकरार, बिगड़ते रिश्तों से भारत को विश्व के अनेक दिग्गज नेताओं का साथ होने की करें तो, टैरिफ वॉर पर अब चीन रूस ब्राजील इजरायल ईरान भारत के पक्ष में बात कर रहा है। भारत में चीन के राजदूत ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करते लिखा है - गिव द बुली एन इंच, द्धद्द विल टेक ए माइल, इसका सीधा मतलब- ये है कि अगर किसी धमकी देने वाले को आप ज़रा सी छूट देते हैं तो वो उसका पूरा फायदा उठाकर आपसे और ज्यादा हथियाने की कोशिश करेगा। इसे संयुक्त राष्ट्र के घोषणापत्र का उल्लंघन बताया है। साथियों बात अगर हम भारत अमेरिका के बीच बढ़ते तकरार को पांच मुद्दों में समझने की करें तो (1) ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत के साथ व्यापार घाटा और अमेरिकी



वस्तुओं की बाज़ार पहुंच पर बाधाओं के कारण उन्हें भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाना पड़ा है (2) पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष विराम का दावा नहीं मानना- ट्रंप लगातार यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रुकवाया,वह ये दावा कम से कम 25 बार तो कर ही चुके हैं लेकिन भारत इन दावों को बार-बार खारिज करता रहा है।(3)ब्रिक्स को लेकर भी हैं खफा- ब्रिक्स लेकर भी भारत को निशाना बना रहे हैं क्योंकि ब्रिक्स देशों की नीतियां अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्थिति को चुनौती देती हैं। ब्रिक्स समूह (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका और हाल में जुड़े कुछ अन्य देश) वैश्विक जीडीपी का 40प्रति. तक योगदान करता है. इन देशों का आपसी व्यापार बढ़ना. डॉलर की जगह अन्य करेंसी विकल्पों की चर्चा ट्रंप को असहज कर रही है,(4) यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद भारत ने रूसी तेल का आयात काफी बढ़ाया है. अब भारत अपनी कुल जरूरतों का करीब 36-40त्न तेल रूस से आयात करता है. इससे भारत को रियायती दरों पर तेल मिलता है. महंगाई नियंत्रित रहती है, लेकिन पश्चिमी देशों खासकर अमेरिका में इसकी आलोचना हुई,ट्रंप का मानना है कि भारत रूस से भारी मात्रा में तेल खरीदकर 'रूसी वॉर मशीन' को मदद कर रहा है, जिससे यूक्रेन में भयंकर युद्ध चला आ रहा है। साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम के व्यक्तिगत नुकसान को भी सहन करने के बयान का विश्लेषण करें तो,उन्होंनेअमेरिका के टैरिफ के मुद्दे पर कहा है कि व्यक्तिगत रूप से मुझे कोई कीमत चुकानी पड़ेगी तो मैं तैयार हूं-तो यह एक राजनीतिक और कूटनीतिक बयान है, जिसमें व्यक्तिगत कीमतका मतलब सीधे पैसे से नहीं, बल्कि राजनीतिक,कूटनीतिक,और छवि संबंधी नुकसान से होता है। उनके लिए ऐसी संभावित व्यक्तिगत कीमतें इस प्रकार हो सकती हैं-(अ) राजनीतिकप्रतिष्ठा पर असर (1)घरेलू राजनीति में आलोचना कि अमेरिका से टकराव के कारण व्यापार, निवेश या तकनीकी सहयोग में कमी आई। (2)विपक्ष का यह आरोप कि प्रधानमंत्री की नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था या कूटनीतिक रिश्ते बिगड़े। (3) अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कठोर या जिद्दी छवि बनने से लचीले नेता की छवि कमजोर होना।(ब) कूटनीतिक पूंजी की हानि- (1) अमेरिका जैसे रणनीतिक साझेदार के साथ व्यक्तिगत संबंधों में ठंडापन आना। (2) अन्य पश्चिमी देशों में भारत के लिए लॉबिंग क्षमताघटना,क्योंकि अक्सर नेता-से-नेता भरोसा महत्वपूर्ण होता है।(3) अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में समर्थन कम मिलना (जैसे जलवायु परिवर्तन, यूएनएससी स्थायी सदस्यता आदि)(स)आर्थिक विकास एजेंडे पर दबाव (1)यदि अमेरिकी टैरिफ के कारण भारत के निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ा, तो विकास, रोजगार और विदेशी निवेश के लक्ष्यों पर चोट लगना-इसका राजनीतिक दोष सीधे प्रधानमंत्री पर आना।(2) वैश्विक कंपनियों का निवेश निर्णय टलना या शिफ्ट होना, जिससे मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं की गति प्रभावित होना। ( ?) व्यक्तिगत छवि का अंतरराष्ट्रीय मीडिया में गिरना- (1) विदेशी मीडिया में अमेरिका से रिश्ते खराब करने वाले नेता के रूप में चित्रण।(2)निवेशकों और वैश्विक राजनैतिक विश्लेषकों के बीच विश्वास में कमी (3)卐वैश्विक डीलमेकर卐 की ब्रांडिंग पर असर। (5) ?ी-20 और वैश्विक नेतृत्व भूमिकाओं पर असर- (1)भविष्य में बड़े मंचों पर भारत की मेजबानी या नेतृत्व भूमिका में अमेरिका का कम समर्थन। (2) वैश्विक मुद्दों पर भारत की आवाज़ कमज़ोर पड़ना, जिससे मोदी कीव्यक्तिगत प्रतिष्ठा घट सकती है। (6)चुनावी रणनीति पर प्रभाव-(1)यदि टैरिफ वार के कारण महंगाई, बेरोज़गारी या व्यापार घाटा बढ़ा, तो विपक्ष इन मुद्दों को चुनावी हथियार बना सकता है। (2) ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों के वोटरों में असंतोष- खासकर यदि कृषि, डेयरी या टेक सेक्टर प्रभावित हों। ( ?) व्यक्तिगत रिश्तों में ठंडापन-(1)डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के साथ जो दोस्ती वाली राजनीतिक तस्वीरें बनीं, वे कमजोर होना (2) भविष्य की निजी मुलाकातों या त्वरित फोन डिप्लोमेसी में कठिनाई बढ़ना।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत पर ट्रंप का टैरिफ वार- भारत का झुकने से इनकार- विश्व के दिग्गज देश भारतीय समर्थन को तैयार ट्रंप के खिलाफ टैरिफ से पीड़ित देशों के एकजुट होनें से ट्रंप की मुश्किलें बनेगी दुनियाँ के सबसे ताकतवर देश से भारत दो-दो हाथ करने को तैयार-पीएम की हुंकार- व्यक्तिगत रूप से मुझे कोई कीमत चुकाने पड़ेगी तो मैं तैयार हूं- देश को पीएम पर नाज है!

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

# जगह जगह तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

## देश भक्ति उल्लास का दिया गया संदेश





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर सहित क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर शासकीय व गैर शासकीय कार्यक्रम के तहत जगह जगह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान हाथों में तिरंगा थामे लोगों के द्वारा सड़कों पर देशभक्ति गीतों के साथ झूमते गाते लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया गया। तो वहीं प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में तिरंगा ध्वज लगाने का संदेश दिया गया। साथ ही आम जनता को आजादी के महत्व से जोड़ने का कार्य किया जाता रहा।

डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ग्राम सरपंच मनोज लिल्हारे के नेतृत्व में निकाली गयी। यह तिरंगा यात्रा पंचायत परिसर से डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों के साथ निकाली गई। जो ग्राम के विभिन्न चौक चौराहा और गलियों का भ्रमण करते हुए सीधे नवेगांव ,बिटोडी ,मेंढ़की होते हुए वारासिवनी पहुंची जहां से सीधे रामपायली के लिए रवाना हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा तिरंगा यात्रा में शामिल होकर हर्ष उल्लास के साथ यह यात्रा का आनंद लिया गया। वहीं लोगों को देशभक्ति से जोड़ने का कार्य किया जाता रहा। इस दौरान जगह.जगह यात्रा रोककर लोगों के द्वारा देशभक्ति गीतों पर जमकर नृत्य भी किया गया।

### जनपद पंचायत ने निकाली रैली

नगर के महात्मा ज्योतिबा राव फुले चौक पर जनपद पंचायत वारासिवनी के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। यह रैली चौक से बैंड बाजे के साथ निकाली गई जो विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए सिकंद्रा ग्राम पंचायत पहुंची जहां पर रैली का समापन किया गया। तो वहीं उपस्थित जनों के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित कर १५ अगस्त १९४७ को मिली आजादी पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्वक बताया गया। तो वहीं भारतीय सेना के सौर्य पराक्रम की सराहना करते हुए लोगों को घरों पर तिरंगा लगाने अपील की गई। तिरँगा रैली के अंत मे सभी को शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, विधायक विवेक पटेल ,एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ,जनपद सीईओ दीक्षा जैन, सरपंच कन्हैया खैरवार ,सुभाष पारधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रही।

### नगर पालिका ने निकाली बाइक रैली

नगर पालिका परिषद वारासिवनी के तत्वाधान में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली इंडोर स्टेडियम से प्रारंभ की गई जो नगर के विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए वापस स्टेडियम पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम स्वतंत्रता दिवस अमर रहे जैसे उद्घोष नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ,सीएमओ सूर्यप्रकाश उके सहित नगर पालिका और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### जीनियस स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति का दिया संदेश

नगर के जीनियस स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा देशभक्ति का संदेश देने के लिए पैदल तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली बालाघाट रोड़ से निकाली गई जो दीनदयाल चौक ,बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक ,नेहरू चौक होते हुए वापस दीनदयाल चौक पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम जैसे देशभक्ति के उद्घोष लगाए गए। तो वहीं बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए लोगों का ध्यान आकर्षण भी किया। इस अवसर पर विद्यार्थी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा बाईक रैली



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल के नेतृत्व में तिरंगा बाईक रैली निकालकर नगर सहित क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश दिया गया। रैली के प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ कार्यकर्ताओं ने नगर में भ्रमण करते हुये महापुरूषों की प्रतिमा के पास देशभक्ति के जयघोष का नारा लगात रहे। भाजपा कार्यालय से निकाली तिरंगा बाईक रैली नेहरू चौक होते हुये मुख्य मार्ग के बाद शहीद स्मारक, गांधी चौक, परशुराम चौक, नेहरू चौक, पं दिनदयाल उपाध्याय चौक होते हुये जय स्तंभ पर पहुंची। जंहा पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, शैलेन्द्र आहूजा, चिरौंजी पारधी, संदीप मिश्रा ने रैली के विषय में उदबोधन दिया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक पुरे देश में तिरंगा रैली निकालकर हर घर तिंरगा अभियान को ऐतिहासिक सफलता मिल रही है। इस अभियान का उद्धेश्य है की आजादी दिलाने वाले अमर शहीदो के संघर्षो को याद करते हुये हमे उनकी तरह राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का भी पालन करना है। हमे हर हाल में देश की आजादी के अधिकार के साथ अपने अपने नागरिक कर्तव्यों का भी पालन करते हुये देश को विश्वगुरू बनाने में अग्रणी भूमिका निभाना है। इसी के साथ संवैधानिक अधिकारो को ग्राम ग्राम तक पहुंचाने में भी अपनी मुख्य भूमिका निभाकर अंतिम व्यक्ति तक भाजपा सरकार की योजनायें पहुंचे इस दिशा में जवाबदेही के साथ कार्य करना है। तिरंगा बाईक रैली में नगर मंडल के अंतर्गत सभी ग्रामों के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली में मध्य में ही अचानक तेज बारिश होने से गांधी चौक में रैली के प्रभावित होने का अंदेशा तक बन गया था। किंतू जैसे ही बारिश रूकी वैसे ही आंबेडकर चौक के पास पुन कार्यकर्ताओं का हूजूम अपनी अपनी बाईक के साथ पहुंचने लगा और चंद मिनटो में इस रैली ने पुन अपने विराट स्वरूप को पाकर भारत माता की जय, वंदेमातरम, सारे जंहा से अच्छा हिदुस्थान हमारा जैसे जयघोषो से नगर को गूंजाने का कार्य किया। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे,कन्हैयालाल नगपुरे, पप्पू हरिनखेडे, प्रबल जायसवाल, विनय सुराना, राजू गोयल, लोकेश ठाकरे, दीपक जैन, पंकज जैन, शानू सिंघई, आलोक रूसिया, प्रवीण रूसिया, सुभाष पारधी, रिकूं चापूकर, अरमान खान, मिथलेश बुरडे, जगदीश नेमा, मंयक मिश्रा ,श्रीमती निर्मला पटले,श्रुति पालेवार,रामकली टेकाम, किरण शर्मा, टीना रांहगडाले, नीतू अग्रवाल, डॉ. जयश्री अरोरा, रेखा गोखले, शीला रेवेकर, स्मीता आजाद, मोनिका सोनेकर,सीमा पारधी, तिलकांता देशमुख, ईमला पटले, रितू अग्रवाल, शीतल अरोरा सहित अन्य लोग रैली मे उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिंदूर की रक्षा वतन के नाम थीम पर बनाई गई रंगोली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। इन दिनों जिले में हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में अनेक गतिविधियों के तहत तिरंगा यात्रा सहित अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में कुछ कलाकारों द्वारा सिंदूर की रक्षा वतन के नाम थीम पर ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर रंगोली उकेरी जा रही है। जिसमें कलाकार श्राची जैन ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिंदूर की रक्षा वतन के नाम थीमं पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत रंगोली उकेरी है।







# बेलगाम यात्री बस ने मोटरसाइकिल को लिया चपेट में

### बस की ठोकर से दो युवक घायल-एक गंभीर, बैहर रोड़ भरवेली थाने के सामने हुई सड़क दुर्घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर रोड भरवेली पुलिस थाने के ठीक सामने तेजरफ्तार यात्री बस ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। यात्री बस की जबरदस्त सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल हो गए। जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। 14 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब मोटरसाइकिल में सवार दो युवक बालाघाट से अपने गांव पायली जा रहे थे और बैहर की ओर से एक



यात्री बस बालाघाट आ रही थी गंभीर रूप से घायल युवक उदय पिता कृष्ण कुमार नगपुरे 19 वर्ष ग्राम पायली निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना में अन्य युवक के प्रदीप पिता राजेश मेश्राम 20 वर्ष को मामूली चोंटे आई दोनों घायल ग्राम पायली थाना भरवेली निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदय नगपुरे अपने परिवार के साथ मजदूरी करता है जो अपने माता-पिता का इकला तो बेटा है और उसकी एक छोटी बहन है। प्रदीप मेश्राम कक्षा 12वीं का छात्र है। 14 अगस्त को उदय नगपुरे और प्रदीप मोटरसाइकिल में सीलिंग फैन और कुलर लेकर के भरवेली आए थे कूलर और सीलिंग फैन को भरवेली में ठीक कराने देने के बाद दोनों किसी काम से बालाघाट आ गए थे। 2:30 बजे करीब दोनों युवक बालाघाट से अपना काम निपटाना के बाद मोटरसाइकिल में बालाघाट से अपने गांव पायली जाने निकले थे। मोटरसाइकिल उदय नगपुरे चला रहा था बैहर रोड भरवेली थाने के ठीक सामने बैहर की ओर से तेज रफ्तार से आ रही। यात्री बस ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। यात्री बस की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार दोनों युवक घायल हो गए। इस दुर्घटना में उदय नगपुरे सर और हाथ में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल बेहोश हो चुका था। दोनों घायल को 100 डायल से जिला अस्पताल बालाघाट लाये जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उदय नगपुरे को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में प्रदीप मेश्राम को मामूली चोंटे आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जिला अस्पताल पुलिस ने प्रदीप मेश्राम का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

# रैली निकाल कर युथ कांग्रेस ने किया केन्द्र सरकार का पुतला दहन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वोट चोरी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। वोटर वेरिफिकेशन व चुनाव में वोट चोरी के आरोप में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करने पर पुलिस द्वारा बल का उपयोग कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित अन्य विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरोध में 14 अगस्त को युथ कांग्रेस के द्वारा शहर के आम्बेडकर चौक से रैली निकालकर केन्द्र सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये कालीपुतली चौक पहुंचकर केन्द्र सरकार का पुतला फूंका गया। इस दौरान युवा कांग्रेसियों ने वोट चोर, गद्दी चोर व केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों द्वारा केन्द्र सरकार का पुतला जलाते ही नपा के दमकल वाहन द्वारा पानी की बौछार कर जलते पुतले को बुझाया गया। पुतला दहन को लेकर शांति व सुरक्षा को लेकर पुलिस कर्मी




भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से दयाल वासनिक, कुलदीप निकोसे, शिवम विश्वकर्मा, पार्षद आशुतोष डहरवाल, पार्षद प्रवीण मदनकर, नितिन निकोसे, अमित लिल्हारे, आदर्श मेश्राम, शशांक पंचभावे सहित अन्य युवा कांग्रेसीगण मौजूद रहे। इस दौरान युथ कांग्रेसियों ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव में वोट चोरी को लेकर सदन से सडक तक आंदोलन कर अभियान चलाया जा रहा है। राहुल गांधी द्वारा इसके सबूत भी पेश किये जा रहे है। लेकिन निर्वाचन आयोग चोट चोरी के मामलों में कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। इस देश के लोकतंत्र की हत्या करने वाली मोदी सरकार जो वोट की चोरी कर केन्द्र की गद्दी पर बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को डिजीटल वोटर लिस्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा वोट चोरी के खिलाफ किये जा रहे आंदोलन को दबाने पुलिस के माध्यम से लोकतंत्र की आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है। वोट चोरी के खिलाफ आज पूरे देश में कांग्रेसियों द्वारा चुनाव आयोग व केन्द्र सरकार के खिलाफ सडक़ पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।




**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
**सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज**
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING

Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट